हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 288, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 12 अप्रैल, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## लोकतंत्र पर चोट कर रही है मोदी सरकार : सोनिया

### केंद्र पर बरसीं कांग्रेस नेता, रिजिजू बोले- आघात तो 1975 में लगा था



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक अंग्रेजी अखबार के लिए लिखे एक संपादकीय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने 'जबरन चुप कराना भारत की समस्याओं को हल नहीं कर सकता' शीर्षक वाले लेख में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान आज के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा करने या इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में पीएम मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने देश के लोकतंत्र के सभी तीन स्तंभों को व्यवस्थित रूप से खत्म किया है। सोनिया ने संसद में हुई हाल की घटनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने सत्रों को बाधित करना सरकार की रणनीति बताई। कहा, विपक्ष को बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, बजट, अदाणी घोटाला और सामाजिक विभाजन जैसे मामलों को उठाने से रोका गया। सोनिया गांधी ने लोकसभा सांसद के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता और उनके भाषण के कुछ हिस्सों को संसदीय रिकॉर्ड से निकाले जाने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को एक मजबूत विपक्ष से मुकाबला करने के लिए बेजोड़ उपायों का सहारा लेना पड़ रहा है। गौरतलब है, राहुल गांधी को मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के लिए सूरत की एक अदालत ने दोषी ठहराया था। जिसके बाद उन्हें लोकसभा सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। साथ ही उनके खिलाफ मानहानि के मामले में दो साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट 2023 को पारित करने के लिए इन्होंने कई ऐसे मुद्दे उठाए, जिससे लोगों का ध्यान भटक जाए, जिसमें लगभग 45 लाख करोड़ रुपये के खर्च की परिकल्पना की गई थी। नतीजतन, लोगों के पैसे का 45 लाख करोड़ रुपये का बजट बिना किसी बहस के पारित कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि जब वित्त विधेयक लोकसभा के माध्यम से पारित किया गया था तब प्रधानमंत्री व्यापक मीडिया कवरेज के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र में परियोजनाओं के उद्घाटन में व्यस्त थे। सोनिया ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बेरोजगारी या मुद्रास्फीति का उल्लेख भी नहीं किया। ऐसा लगता है जैसे ये समस्याएं हैं ही नहीं। सोनिया गांधी ने विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोप सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है के बारे में भी बात की। कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक राजनीतिक मामले केवल विपक्षी दलों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। वहीं, जो लोग भाजपा में शामिल हो गए उन पर लगे सभी आरोप अचानक से गायब हो गए। वहीं सरकार ने मीडिया को डरा-धमका कर उसकी स्वतंत्रता छीन ली है। पिछली साल नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कई बार समन भेजा था। समन के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें आरोप लगाया था कि सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। वहीं, इस मार्च में 14 विपक्षी दलों ने अपने नेताओं को फंसाने के लिए ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। यूपीए चेयरपर्सन ने कहा कि सरकार न्यायपालिका को नीचा दिखाने में लगी है। उन्होंने केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू की भाषा पर सवाल उठाए।

### अस्पताल में बिताया गया समय पुलिस हिरासत की अवधि का नहीं होगा हिस्साः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। आजकल यह बहुत आम हो गया है कि गिरफ्तार होने के बाद एक आरोपी बीमार हो जाता है और अस्पताल में भर्ती हो जाता है, और पुलिस हिरासत का समय इलाज के दौरान समाप्त हो जाती है, जिससे पुलिस को उससे पूछताछ करने का मौका नहीं मिलता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पुलिस आरोपी से पूछताछ के लिए अतिरिक्त समय ले सकती है ताकि इलाज में बर्बाद हुए समय की भरपाई की जा सके। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा कि कोई भी आरोपी जांच या अदालती प्रक्रिया से खिलवाड़ नहीं कर सकता। अदालत के अनुसार, सीबीआई को पश्चिम बंगाल के एक कोयला घोटाले के संदिग्ध से पूछताछ करने के लिए सात दिन की हिरासत दी गई है, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने और अंतरिम जमानत की अनुमति दिए जाने के बाद से वह केवल ढाई दिन ही उससे पूछताछ कर पाई है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने तर्क दिया कि सीबीआई विकास मिश्रा के अस्पताल में भर्ती होने के कारण विशेष न्यायाधीश द्वारा दी गई पुलिस रिमांड का उपयोग नहीं कर सकती थी और इसलिए सीबीआई को सात दिनों की शेष अवधि के लिए आरोपी की पुलिस हिरासत दी जानी चाहिए।

## यूपी में नहीं बचेगा कोई अपराधी चुन-चुनकर दिलाई जाएगी सजा

### अतीक की प्रयागराज वापसी पर बोले योगी के डिप्टी सीएम




नई दिल्ली। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त अतीक अहमद को प्रयागराज की अदालत में पेश करने के लिए पुलिस की टीम साबरमती जेल पहुंच गई है। कुछ ही देर में माफिया को साबरमती से प्रयागराज लाया जा जाएगा। इसी के साथ यूपी में एक बार फिर माहौल गर्म हो गया है। योगी सरकार में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज वापस लाने पर कहा- "माननीय न्यायालय का जो भी आदेश है हम उसका अनुपालन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में अपराधी बच नहीं पाएंगे। जितने भी मामले हैं उनपर हमारी पुलिस कड़ी पैरवी कर रही है। एक-एक अपराधी को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दिलाना हमारा लक्ष्य है।" प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा-जो अपराध करेगा FIR उसी के लिए है, कड़ी से कड़ी सजा कानून के शिकंजे में लाकर दिलाई जाएगी। कोई कितना भी बड़ा अपराधी हो, उसकी ताकत कानून के सामने छोटी पड़ जाएगी। उमेश पाल के अपहरण के मुकदमे में 28 मार्च को अतीक अहमद को प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई थी। सजा सुनाए जाने के बाद अतीक अहमद को वापस साबरमती जेल में पहुंचा दिया गया था।

**प्रयागराज के लिए अतीक का काफिला रवाना**- इसके बाद धूमनगंज थाने की पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में अदालत से अतीक अहमद और अशरफ का बी वारंट हासिल किया था जिसे जेल में तामील कराया गया। अब इन दोनों को बरेली और साबरमती जेल से लाया जाएगा। आज पुलिस टीम साबरमती जेल से अतीक को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है।

### देश के 71 हजार युवाओं को 13 अप्रैल को मिलेगा रोजगार, पीएम मोदी बांटेंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 मार्च यानी गुरुवार को रोजगार मेले के तहत भर्ती हुए 71 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। देश भर से चुने गए नए युवा ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, सीनियर कमर्शियल कम टिकट क्लर्क, इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर अकाउंटेंट, पोस्टल असिस्टेंट, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स असिस्टेंट, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जेई/सुपरवाइजर, असिस्टेंट प्रोफेसर, टीचर, लाइब्रेरियन, नर्स, प्रोबेशनरी ऑफिसर, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर काम करेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, "रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।" नए भर्ती किए गए लोगों को 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नए नियुक्त लोगों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स है।

## 'भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी' अनशन से पायलट का कांग्रेस को सीधा संदेश




जयपुर। राजस्थान कांग्रेस के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने अपनी ही प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछली वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को लेकर आज पायलट एक दिवसीय उपवास पर बैठ गए हैं। सचिन जयपुर के शहीद स्मारक के सामने अनशन कर रहे हैं। अनशन के बीच पायलट ने कहा कि सुखजिंदर सिंह रंधावा कुछ दिन पहले ही कांग्रेस प्रदेश प्रभारी बने हैं। मैंने पूर्व के प्रभारियों से भी बात की थी लेकिन यह भ्रष्टाचार का मामला अभी तक बना हुआ है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। सचिन के अनशन से एक दिन पहले कांग्रेस ने उन्हें चेतावनी भी दी थी और कहा था कि ये अनशन पार्टी विरोधी गतिविधि माना जाएगा। कांग्रेस नेता सचिन पायलट के इस अनशन को राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ ही माना जा रहा है। दरअसल, पायलट ने बीते दिनों एक प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा था कि वो सीएम को बीते दो सालों से भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए कई चिट्ठियां लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में कई घोटाले हुए थे और इसी को लेकर हमारी सरकार बनी थी, लेकिन इसपर कार्रवाई नहीं हुई है। पायलट ने कहा कि वो राज्य से भ्रष्टाचार का खात्मा चाहते हैं और इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मांग को लेकर वो आज अनशन कर रहे हैं। पायलट के अनशन पर भाजपा ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा नेता राजेंद्र राठौर ने कहा कि सचिन पायलट हाईकमान को खुली चुनौती दे रहे हैं। उनका दिन भर का अनशन कांग्रेस सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश भर में अपनी पकड़ खो दी है।

### स्काईमेट के दावे को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने सिरे से किया खारिज, कहा- इस साल होगी सामान्य बारिश

नई दिल्ली। भारत सरकार ने निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट वेदर के दावे को खारिज कर दिया है। सोमवार को स्काईमेट वेदर ने दावा किया था कि इस मॉनसून सामान्य से कम बारिश होगी, जिसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा कि भारत में दक्षिणी-पश्चिम मॉनसून के समय भारत में सामान्य बारिश होगी। मंत्रालय का कहना है कि इस साल दक्षिणी भारत, पूर्वी मध्य भारत, पूर्वी भारत, उत्तरी-पूर्वी भारत और उत्तरी-पश्चिम भाग में सामान्य बारिश होगी। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि उत्तरी-पूर्वी भारत और उत्तरी-पश्चिम भारत के कुछ अंचलों में बारिश सामान्य से कम होगी। साथ ही पश्चिमी मध्य भारत के भी कुछ इलाकों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। प्राइवेट वेदर एजेंसी ने दावा करते हुए सोमवार को कहा था कि भारत में इस साल बारिश होने की संभावना सामान्य से भी कम है। ला नीना के खत्म होने से 20 प्रतिशत सूखे की संभावना है। साथ ही अल नीनो भी हावी हो सकता है। बारिश कम होने के कारण इस साल फसलों पर संकट आ सकता है। इससे फसलें भी महंगी हो सकती हैं। स्काई मेट के अनुसार, इस साल जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर चार महीनों में 868.6 एमएम की बारिश का एलपीए 94 प्रतिशत रहेगा। स्काईमेट ने कहा कि कि देश के उत्तरी और मध्य भागों में बारिश की कमी होगी। गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में भी जुलाई और अगस्त के दौरान अपर्याप्त बारिश होगी। उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में साल के दूसरे छमाही में सामान्य से कम बारिश की संभावना है। स्काईमेट ने 20 फीसदी सूखे की आशंका भी जताई थी। बता दें, दक्षिण अमेरिका के पास प्रशांत महासागर में पानी के गर्म होने, मानसूनी हवाओं के कमजोर होने और भारत में कम वर्षा होने वाली स्थिति को अल नीनो कहा जाता है। दक्षिण अमेरिका के पास प्रशांत महासागर में पानी के ठंडे होने की विशेषता जो भारतीय मानसून का पक्ष लेती है, उसे ला नीना कहा जाता है।

## लोकसभा चुनाव 2024 में 300 से ज्यादा सीटों के साथ मोदी जी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री, शाह ने किया दावा



गुवाहाटी। अगले साल देश में लोकसभा चुनाव होने वाले है। सभी राजनीतिक दल अभी से चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं, सत?तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने भी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कमर कस ली है। इसी बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को पूर्वोत्तर के दो दिवसीय दौरे पर असम के डिब्रूगढ़ पहुंचे हुए हैं। यहां उन्होंने एक रैली को संबोधित किया।

भाजपा डिब्रूगढ़ कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन होगा। असम की 14 में से 12 सीटें भाजपा जीतेगी। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि देश भर में भाजपा 300 से ज्यादा सीटों पर विजयी होगी और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। रैली को संबोधित करते हुए, भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "पूर्वोत्तर को कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बावजूद क्षेत्र के तीन राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव में पार्टी अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही।" उन्होंने कहा कि मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड में विधानसभा चुनाव हुए। भाजपा ने त्रिपुरा में सरकार बनाई, और अन्य दो राज्यों में गठबंधन सहयोगी के रूप में सत्ता में आई। राहुल गांधी के यूनाइटेड किंगडम की यात्रा के दौरान की गई विवादास्पद टिप्पणी पर शाह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, "उन्होंने (राहुल गांधी) विदेशी धरती से भारत का अपमान किया। अगर वह इसी करते रहे, तो न केवल पूर्वोत्तर बल्कि पूरे देश से कांग्रेस का सफाया हो जाएगा।"

## केजरीवाल ने जेल में बंद सिसोदिया-जैन को किया याद, बोले- वे होते तो लग जाते चार चांद

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी को आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल चुका है। चुनाव आयोग द्वारा सोमवार को किए गए एलान के बाद से आम आदमी पार्टी बेहद उत्साहित है और उसके कार्यकर्ता लगातार जश्न मना रहे हैं। इस बीच पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। यहां उन्होंने कार्यकताओं और देश की जनता का शुक्रिया अदा किया और कहा कि राष्ट्रीय पार्टी बनना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हमारी पार्टी ने देश को नई दिशा दी है। केजरीवाल ने अपने आलोचकों को भी तहेदिल से बधाई दी है। उन्होंने कहा जब हमने शुरू किया था तब पैसे नहीं थे लोग नहीं थे, अब भी पैसे नहीं थे लेकिन आदमी बहुत हैं। केजरीवाल ने कहा कि आज सोचता हूं तो लगता है कि हमारी कोई औकात नहीं लेकिन हम कहां से कहां पहुंचे, इसका मतलब भगवान हमसे देश के लिए कुछ कराना चाहता है। हम तो निमित्त मात्र हैं। केजरीवाल ने कहा कि आज इस मौके पर मनीष और जैन जी की बहुत याद आ रही है। वो होते तो इस मौके पर चार चांद लग जाते। वो संघर्ष कर रहे हैं, देश के लिए हम सबके लिए। इस वक्त देश की सभी राष्ट्रविरोधी ताकतें जो इस देश का भला नहीं चाहतीं, जो देश की तरक्की नहीं चाहतीं, वो आम आदमी पार्टी को रोक रही हैं। मनीष सिसोदिया का क्या कसूर है? केजरीवाल ने इस दौरान एक सरकारी स्कूल का किस्सा सुनाया कि वो सरकारी है लेकिन वहां फ्रेंच, स्पेनिश, जापानी और जर्मन भाषा पढ़ाई जाती है। मेरी पढ़ाई भी बड़े स्कूल में हुई लेकिन वहां ऐसी सुविधा नहीं थी। तो मनीष सिसोदिया का कसूर है कि उसने गरीब के बच्चों को सपने देखने सिखाए कि सपने देखो। बड़े-बड़े सपने देखो। 75 साल से गरीब का बच्चा बिना अच्छी शिक्षा के रह जाता था और उसको उसने पढ़ने का सपना दिखाया।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल, प्रदर्शन में पथराव के बाद पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

रांची। झारखंड में हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन जारी है। इस दौरान एक तरफ प्रदर्शनकारियों की तरफ से पुलिसबल पर पानी की बोतलें फेंकी जा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस भी प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश में जुटी हुई हैं। प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें की जा रही है। शहर में गोल चक्कर के पास ही बैरिकेडिंग कर भाजपा कार्यकताओं को रोका जा रहा है। कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़ गये हैं, जिन्हें पुलिस बल रोकने की कोशिश में जुटी है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस-प्रशासन लगातार भीड़ को वापस जाने के लिए लाउडस्पीकर से एलान कर रहे हैं। हालांकि, भीड़ पर यह बेअसर है। इस सब के बीच एक भाजपा नेत्री ने बैरिकेडिंग तोड़ दी, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भीड़ पर नकेल कसने के लिए वाटर कैनन से पानी की बौछारें की गईं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता टस से मस नहीं हुए। शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। स्थिति को हाथ से निकलता देख पुलिस मुख्यालय से बड़े पैमाने पर पुलिस बल घटनास्थल की ओर रवाना हुई है। उधर, मौके पर प्रदर्शनकारियों को दौड़ाया जा रहा है, लाठीचार्ज किया जा रहा है, आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं, लेकिन भीड़ डटी हुई है और लगातार पुलिस बल को निशाना बनाते हुए पत्थरबाजी कर रही है। इलाके में भगदड़ मच गई है। मौके पर एक पत्रकार का सिर भी फट गया है। वहीं, इस सबके बीच अब धुर्वा गोलचक्कर के पास स्थित मैदान में भाजपा ने सभा शुरू कर दी है। इससे पहले भाजपाई प्रभात तारा मैदान में जनसभा कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सभा में पहुंचकर घायल प्रदर्शनकारियों का हाल-चाल पूछा। उन्होंने घायल प्रदर्शनकारियों के इलाज के लिए एम्बुलेंस भी मंगवाई है। इस दौरान सभा स्थल से लगातार घोषणा की जा रही है कि जितनी गोली चलानी है चला लो, जितना वाटर कैनन चलाना है चला लो, हम इस भ्रष्टाचारी सरकार को गिराकर रहेंगे। इसी के साथ हेमंत सरकार हाय हाय, यह परिवारवाद की सरकार है, हेमंत सरकार निकम्मी है का नारा भी लग रहा है। शहर में प्रदर्शन के दौरान कई पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है। इस बीच, कुछ सांसद व विधायक को हिरासत मे ले लिया गया है। अभी तक 50 भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया है, जिनमें से एक सांसद संजय सेठ की तबीयत बिगड़ गई। गौरतलब है कि इस दौरान पुलिस ने रांची के सांसद संजय सेठ, बोकारो विधायक विरंची नारायण, राज्यसभा सदस्य समीर उरांव, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, केके गुप्ता सहित कइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।




## इश्क में पत्नी बनी कातिलः खाने में दी नींद की गोली फिर प्रेमी और दोस्त संग मिलकर की पति की हत्या

गोरखपुर। गोरखपुर जिले में गीडा थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में दुबई से कमाकर लौटे रामानंद विश्वकर्मा की हत्या उसकी पत्नी सीतांजली ने प्रेमी साफ्टवेयर इंजीनियर बृजमोहन विश्वकर्मा और उसके दोस्त अभिषेक के साथ मिलकर की थी। आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना का पदार्फाश किया। जांच में पता चला कि सीतांजली ने घरवालों के खाने में नींद की गोली मिलाकर देने के बाद प्रेमी और उसके दोस्त संग मिलकर हत्या कर शव को पोखरे में फेंका था। हत्या में शामिल अभिषेक चौहान फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर घटना का पदार्फाश किया। एसएसपी ने बताया कि मल्हीपुर निवासी रामानंद विश्वकर्मा की दिसंबर 2020 में चिलुआताल निवासी सीतांजली से शादी हुई थी। शादी के बाद फरवरी 2021 में रामानंद विश्वकर्मा दुबई कमाने चला गया। इस बीच सीताजंली का प्रेम संबंध रामानंद की बहन के देवर व खजनी के रामपुर पांडेय निवासी बृजमोहन विश्वकर्मा से हो गया। करीब तीन महीने पहले पत्नी को पता चल गया कि उसका पति दुबई से लौट रहा है। इसकी जानकारी उसने प्रेमी बृजमोहन को दी। इसके बाद हत्या की साजिश रची गई। पांच अप्रैल को लखनऊ में फ्लाइट से उतरते ही बृजमोहन अपने दोस्त अभिषेक चौहान के साथ पीछे लग गया। बस में भी हत्या का मौका खोजा गया, लेकिन नहीं मिलने पर रामानंद गांव आ गया। इसके बाद अगली सुबह पत्नी ने पिज्जा लेने के बहाने पति को बाहर भेजा, लेकिन गांव वाले पोखरे के पास मौजूद थे और हत्या नहीं कर पाए। फिर तीनों ने आपस में बातचीत की और तय किया गया कि खाने में नींद की गोली देने के बाद हत्या की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि बृजमोहन ने अपनी प्रेमिका को नींद की गोली लाकर दे दी। उसने रात में घर के खाने में नींद की गोली मिलाकर दे दी।

## संपादकीय

# सुर ना सधे

मगर पिछले कुछ समय से सत्ताएं ऐसी अभिव्यक्तियों को लेकर असहज और आक्रामक नजर आने लगी हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने एक गायक के खिलाफ इसलिए विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है कि उसने अपने एक गीत में तथाकथित रूप से महाराष्ट्र सरकार और प्रशासन के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की है। यह सरकारों की असहनशीलता का नया प्रमाण है। गायक ने अपना गीत सोशल मीडिया पर डाला था और वह देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया। उसी को लेकर गायक के खिलाफ शांति भंग करने की मंशा से जानबूझ कर अपमान करने, समुदायों के बीच वैमनस्य, शत्रुता और दुर्भावनापूर्ण बयान देने और इलेक्ट्रानिक माध्यम पर अश्लील सामग्री परोसने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि अनेक लोगों का कहना है कि इस गाने में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसे आपत्तिजनक कहा जा सके। यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले महाराष्ट्र में ही एक दूसरे गायक को इसी तरह कानून के शिकंजे में लिया गया था। कुछ ही दिन बीते, जब उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक भोजपुरी गायिका को इसी तरह सरकार का अपमान करने के आरोप में नोटिस भेजा था। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी का अपमान करने की मंशा से कुछ भी बोला, लिखा या गाया नहीं जा सकता। मगर इसकी व्याख्या करना कई बार थोड़ा टेढ़ा काम हो जाता है। अगर सरकारें खुद मान लें कि किसी के लिखने, बोलने या गाने से उसे चोट पहुंची है, तो संबंधित व्यक्ति के लिए यह सिद्ध करना कठिन हो जाता है कि वास्तव में उसकी मंशा वह नहीं थी, जैसा सरकार समझ रही है। अब तो सरकारों में यह प्रवृत्ति जटिल होती गई लगती है कि वे अपने विरुद्ध किसी भी तरह की अभिव्यक्ति को सहन नहीं कर पातीं। पश्चिम बंगाल में पुलिस ने एक व्यंग्य चित्रकार को इसलिए गिरफ्तार कर लिया था कि उसने ममता बनर्जी सरकार पर तल्ख टिप्पणी करते हुए चित्र बनाए थे। केंद्र सरकार पर भी अनेक लोगों को इसलिए जेल भेजने के आरोप लगते रहे हैं कि उन्होंने उसकी नीतियों पर अंगुली उठाते हुए टिप्पणियां की थीं। महाराष्ट्र का मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब पिछले ही हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी की थी कि सरकारें अगर अपने विरुद्ध टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं करतीं, तो इसका अर्थ यही होता है कि वे चाहती हैं कि सिर्फ उनकी तारीफ में लिखा-बोला जाए। इतिहास गवाह है कि राजशाही के वक्त भी लोकगायक राजाओं की अनीतियों के खिलाफ गीत रचते और गाते थे। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध भी बहुत सारे गीत लिखे गए, जिन्हें सरकार ने जब्त करा लिए, उनके रचनाकारों, गायकों को जेल भेज दिया। इसके लिए बाकायदा कानून बना दिया गया। ब्रिटिश हुकूमत की वह प्रवृत्ति अभी खत्म नहीं हुई है। मगर चिंता की बात है कि एक स्वतंत्र देश में अगर सरकारें इस तरह किसी के रचने, गाने पर अंकुश लगाती रहेंगी, तो फिर सभ्यता और संस्कृति की शक्ल वास्तविक रह ही नहीं जाएगी। लोकतांत्रिक सरकारों से तो अपनी नीतियों, फैसलों के खिलाफ आने वाली टिप्पणियों को भी सुनने, उन्हें सहन करने और फिर जरूरत के मुताबिक उनमें सुधार करने की अपेक्षा की जाती है। आखिर सत्ता में लोग जनता द्वारा चुने जाकर ही पहुंचते हैं, फिर उन्हें जनता की प्रतिक्रियाओं पर ऐसी दमनात्मक कार्रवाई करनी ही क्यों चाहिए।

## आई सड़क लड़ाई!



चल रहा है हर तरफ ।
अपना अपना खेल ।।
पास कोई हो रहा ।
होना तय भी फेल ।।
देखते ही देखते ।
आई सड़क लड़ाई ।।
कहता कोई ठीक है ।
कोई कहे ढ़िठाई ।।
आया नया मोड़ है ।
दम खम से ललकार ।।
खुलेआम अब होगा ।
पग पग ही प्रहार ।।
रुक सकता था नाटक ।
हो चुकी पर देर ।।
पूर्ण हो गई पटकथा ।
हो रही सबेर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# सुशासन में सहयोगी तकनीकी संरचना

भारत में 2006 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना का अनावरण किया गया था। इस नीति के अंतर्गत सेवाओं को वेब-सक्षम बनाया गया। डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी पर जोर दिया गया। इसके बावजूद डिजिटल अवसंरचना के मार्ग में अनेक चुनौतियां अब भी व्याप्त हैं। विषम और दुर्गम क्षेत्रों में जनसंख्या के कम घनत्व और प्राकृतिक बाधाओं के चलते इंटरनेट का न पहुंच पाना डिजिटल सुविधा में रुकावट है।

नागरिक केंद्रित व्यवस्था में सुशासन के लिए तैयार डिजिटल अवसंरचना एक महत्त्वपूर्ण स्थान ले चुकी है। ई-गवर्नेंस एक ऐसा क्षेत्र और साधन है, जिसके जरिए नौकरशाही का समुचित प्रयोग करके व्यवस्था की कठिनाइयों को समाप्त किया जा सकता है। इसके अलावा, आनलाइन सेवा देकर सीधे और बिना रुकावट के कार्य संस्कृति को बनाए रखना आसान है। अब देश की विकास यात्रा कमोबेश डिजिटलीकरण पर निर्भर है। ऐसे में डिजिटल अवसंरचना को मजबूत बनाना न केवल समय की मांग, बल्कि आम आदमी तक पहुंच बनाने का सशक्त जरिया है। बशर्ते आम आदमी समावेशी और बुनियादी विकास की चुनौतियों से मुक्त होकर सुजीवन की राह पर हो। गौरतलब है कि एक मजबूत आधारभूत डिजिटल ढांचे से उत्पादकता बढ़ा कर जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करने वाली सेवाओं को समुचित किया जा सकता है। ई-सुविधा, ई-अस्पताल, ई-याचिका और ई-अदालत जैसे कई ऐसे फलक हैं, जिनसे सुशासन को ऊंचाई देना संभव है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रानिक सेवा (ई-सेवा) 1999 में आरंभ किए गए ट्विन्स प्रोजेक्ट का ही परिवर्द्धित संस्करण है, जिसे भुगतान की बुनियादी सेवाओं के लिए हैदराबाद-सिंकदराबाद युगल शहरों में शुरू किया गया था, जो अब पूरे देश में फैल चुका है। गौरतलब है कि डिजिटल अवसंरचना तकनीक, नेटवर्क, तंत्र और प्रक्रियाओं का एक ऐसा संग्रह है, जो मानव घटकों के साथ मिलकर सूचना प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में मदद करता है।

जाहिर है, इसका विकास इंटरनेट जैसी व्यापक और सघन संरचना से ही संभव है। भारत की 140 करोड़ की आबादी में लगभग अस्सी करोड़ की इंटरनेट तक पहुंच है। अनुमान है कि 2025 तक यह आंकड़ा नब्बे करोड़ हो जाएगा। भारत में डिजिटल संपर्क को बढ़ावा देने की दिशा में व्यापक प्रयास किए गए हैं। मगर अभी सभी तक इसकी पहुंच संभव नहीं हुई है, ऐसे में ई-गवर्नेंस में निहित सुशासन सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि से और सुधार की बाट जोह रहा है।



डिजिटल भुगतान जैसी पहल ने वित्तीय सेवाओं को अधिक समावेशी और किफायती बना दिया है। वस्तु एवं सेवा कर इसी डिजिटल अवसंरचना के माध्यम से संग्रह के मामले में नित निए कीर्तिमान बना रहा है। ई-कामर्स के क्षेत्र में हो रही वृद्धि इसी संरचना का एक और उदाहरण है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग से ई-कामर्स राजस्व वर्ष 2017 के उनतालीस अरब अमेरिकी डालर से बढ़ कर वर्ष 2020 में एक सौ बीस अरब डालर हो गया था। राष्ट्रीय कृषि बाजार और ग्रामीण कृषि बाजार की आधारभूत कमियां भी इसी के चलते काफी हद तक दूर हुई हैं। देश भर में लगभग बाईस हजार ऐसे ग्रामीण कृषि बाजार संचालित हैं, जो किसानों को स्थानीय स्तर पर अपनी उपज बेचने में मदद करते हैं।

हालांकि इस अवसंरचना का लाभ सभी किसानों तक तभी पहुंचेगा, जब उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल, नेशनल टेलीमेडिसिन नेटवर्क और ई-अस्पताल समेत आनलाइन पंजीकरण प्रणाली ने स्वास्थ सेवा की दिशा में कार्य को सरल बनाया है। गौरतलब है कि सार्वजनिक अस्पतालों में आनलाइन पंजीकरण, शुल्क का भुगतान, रक्त उपलब्धता की जानकारी आदि जैसी सेवाओं की शुरूआत 2015 में हो गई थी। डिजिटल अवसरंचना का शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान बहुत तेजी से बढ़ा है। स्वयंप्रभा बत्तीस राष्ट्रीय चैनलों के माध्यम से शैक्षणिक ई-सामग्री का प्रसारण करने वाला एक कार्यक्रम है और ई-पाठशाला भी इसी से जुड़ा एक महत्त्वपूर्ण मंच है। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में पैंसठ लाख से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह अंग्रेजी समेत तमाम भारतीय भाषाओं की पुस्तकों तक निशुल्क पहुंच प्रदान करती है। कोविड-19 के समय ई-शिक्षा कारोबार को भी बढ़ावा मिला। आडिट ऐंड मार्केटिंग की शीर्ष एजेंसी केपीएमजी और गूगल की भारत में आनलाइन शिक्षा 2021 शीर्षक से जारी रिपोर्ट में 2016 से 2021 के बीच ई-शिक्षा का कारोबार आठ गुना बढ़ने की बात कही गई थी।

गौरतलब है कि 2016 में ई-शिक्षा कारोबार महज पच्चीस करोड़ डालर का था, जबकि 2021 में यह दो अरब डालर तक पहुंच गया। जाहिर है, डिजिटल अवसंरचना के बगैर यह आंकड़ा संभव नहीं था। इस दिशा में उत्तरोत्तर वृद्धि जारी है। अब तो डिजिटल विश्वविद्यालय भी तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि जब तक देश में बुनियादी समस्याएं व्याप्त रहेंगी, डिजिटल अवसंरचना के बावजूद आम आदमी में बड़ा सुधार संभव नहीं होगा। ताजा आंकड़े बताते हैं कि भारत वैश्विक भूख सूचकांक में 107वें स्थान पर है। उन्नीस करोड़ लोग भुखमरी के कगार पर और सत्ताईस करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार हर चौथा व्यक्ति अशिक्षित है। बेरोजगारी और महंगाई का लगातार बढ़ते रहना इस बात का सूचक है कि आम आदमी को डिजिटल अवसंरचना और ई-गवर्नेंस समेत सुशासन का व्यापक लाभ नहीं मिल पा रहा है। भारत में 2006 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना का अनावरण किया गया था। इस नीति के अंतर्गत सेवाओं को वेब-सक्षम बनाया गया। डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी पर जोर दिया गया। इसके बावजूद डिजिटल अवसंरचना के मार्ग में अनेक चुनौतियां अब भी व्याप्त हैं। विषम और दुर्गम क्षेत्रों में जनसंख्या के कम घनत्व और प्राकृतिक बाधाओं के चलते इंटरनेट का न पहुंच पाना डिजिटल सुविधा में रुकावट है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी इंटरनेट तक सीमित पहुंच इसमें बड़ी बाधा है। भारत में ढाई लाख पंचायतें, साढ़े छह लाख गांव और लगभग सात सौ जिले हैं, जहां कोई न कोई स्थानीय समस्या बाधक है। कुशल कामगारों, इंजीनियरों और प्रबंधकों के आभाव में डिजिटल जुड़ाव को मजबूत ढांचा दे पाना पूरी तरह संभव नहीं है। साइबर सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बनी हुई हैं। डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में मानकीकरण का भी लगभग आभाव है। इसमें तकनीकी बदलाव की दरकार आए दिन बनी रहती है। गौरतलब है कि 10 फरवरी, 2023 को भारत के साथ दक्षिण एशियाई देशों के समूह आसियान की डिजिटल मंत्रियों की तीसरी बैठक का आयोजन हुआ था। उसमें साइबर सुरक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग तथा अगली पीढ़ी की स्मार्ट सिटी और सोसायटी 5.0 में इंटरनेट आफ थिंग्स के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात निहित थी। सुशासन, ई-शासन और डिजिटलीकरण का ताना-बाना एक समूची व्यवस्था का परिचायक है। भारत को हाईस्पीड ब्राडबैंड के निर्माण पर ताकत लगाने के साथ-साथ डिजिटल अवसंरचना को सशक्त करने की आवश्यकता है। रोचक यह भी है कि 2018 में भारत में साफ्टवेयर निर्माण करने वाले लोगों की संख्या अमेरिका से अधिक थी। तकनीक, संसाधन और धन के अभाव में भारत का युवा सक्षम उद्यमशीलता को हासिल कर पाने में कठिनाई महसूस कर रहा है।

# प्रधानमंत्री जी का सपना, नशा मुक्त भारत हो अपना

भारत इन दिनों अपनी आजादी के 75वें बर्ष में प्रवेश कर अमृत महोत्सव मना रहा है।इस अमृत काल का श्रेय निश्चित रूप में हमारे यस्ववी व लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित साह व उनके टीम के सभी सदस्यों को जाता है। जिन्होने राष्ट्र के चहुँ मुखी विकाश की दिशा में सरकार व जनता के बीच में ना केवल सम्पर्क,संवाद व सहयोग स्थापित बल्कि प्रधान मंत्री के सपनो को साकार करने के लिए दिन रात कडी मेहनत किया है। किसी भी राष्ट्र का विकाश वहाँ की जनता के विकाश पर र्निभर करता है। खुशहाल जनता से समाज व राष्ट्र का विकाश होता है।इसमें स्वास्थ्य की अंहम भुमिका होती है।यह तभी सम्भव है जब हमारा समाज नशा मुक्त हो।भारत विश्व गुरु बने,इसके लिए नरेन्द्र मोदी ने नशा मुक्त भारत का सपना देखा है।जिसे साकार के लिए दृढ इच्छा शक्ति व संकल्प जरूरत है।आप को बता दे कि इस दिशा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की बहु-आयामी व व्यापक रणनीतियाँ तैयारी की है।जिसके आशातीत परिणाम आ रहे है। शाह के कुशल नेतृत्व में नशीले पदार्थों के कारोबार को खत्म करने में अचुक हथियार साबित हो रही हैं।सर्व विदित रहे कि प्रधान मंत्री व गृह मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में कुछ आशातीत आकंडे आये है। आइए हम इस एक निगाह डालते है। भाजपा के शासन काल में सन 2014 से सन 2022 की अवधि के दौरान विभागीय अधिकारियों के द्वारा चलाये गये इस अभियान के तहत भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त किया गया।उसकी तुलना यूपीए शासन के वर्ष 2006 से वर्ष 2013 के बीच जब्त किए गए ड्रग्स की तुलना में 30 गुना है। बाजार में 22,000 करोड़ रुपये है।जहाँ तक गिरफ्तार किए गए अपराधी व्यक्तियों की संख्या में भी तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है।3.73 लाख किलोग्राम ड्रग्स जब्त किए जा चुके हैं।साथ ही,पिछले 9 साल में कुल 3,544 मामले दर्ज किए गए हैं,जो वर्ष 2006 से वर्ष 2013 की अवधि के दौरान दर्ज की गई संख्या का लगभग दोगुना है।अवैध ड्रग्स की खेती को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पिछले तीन वर्षों में लगभग 36,000 एकड़ अफीम की खेती और 82,769 एकड़ भांग की खेती को नष्ट कर दिया है।साथ ही दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में अवैध ड्रग्स की खेती की पहचान के लिए ड्रोन का



उपयोग किया जा रहा है।आप को बता दे कि ड्रग्स का कारोबार एवं उसका दुरुपयोग देश और समाज के लिए नासूर है। नशे के कारोबार से हुई अवैध कमाई का उपयोग आतंकवाद का वित्त पोषण करने और उसकी नींव को मजबूत करने के लिए भी किया जाता है।अर्थात नशे के कारोबार से आतंकवाद को फलने-फूलने का मौका मिलता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक चुनौती बन गया है।इस पर लगाम लगाने के लिए गृह मंत्रालय ने मादक पदार्थों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीतिअपनाते हुए सहयोग, समन्वय और गठजोड़ के सिद्धांत पर एक त्रि-आयामी रणनीति तैयार की है। जिसके तहत केंद्रीय और राज्य ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर सामंजस्य और तालमेल सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत ढाँचे को मजबूत किया गया है।साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) कैडर का पुनर्गठन किया गया है, जो मादक पदार्थोर्नार्को -फंडिंग और नार्को-टेरर मामलों से संबंधित एक विस्तृत राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने की दिशा में में तेजी से जुटा हुआ है। देश में नशीले पदार्थों की 60-70 प्रतिशत तस्करी मुख्य रूप से समुद्री मार्ग से होती है। समुद्री मार्ग से तस्करी को खत्म करने के लिए अमित शाह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में एक उच्च स्तरीय समर्पित कार्यबल का गठन किया गया है,जो समुद्री मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी का विश्लेषण करेगा।नशे के कारोबार से हुई कमाई की वित्तीय जाँच के अलावा एक पूर्ण ड्रग नेटवर्क चार्ट तैयार करने और ड्रग्स के स्रोत और गंतव्य का पता लगाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं।गृह मंत्रालय ने संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के तहत,केंद्र और राज्य के स्तरों पर नार्को एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं, ताकि ये संस्थान एकजुटता और जवाबदेही के साथ काम कर सकें।सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समर्पित एंटी -नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) इकाइयों का गठन किया गया है। अवैध ड्रग व्यापार में डार्क नेट और क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग को रोकने पर भी तेजी से काम चल रहा है। नशे के खिलाफ इस लड़ाई में अपनी तीसरी रणनीति के तहत ड्रग्स के उपयोग के विरुद्ध आम लोगों को संवेदनशील बनाने पर जोर दिया है।देश भर की जनता में जन-जागरूकता भरी नीति को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। एनसीबी द्वारा शुरू किए गए नशामुक्त भारत प्रतिज्ञा अभियान के तहत 30 लाख से अधिक लोगों ने ई-शपथ के जरिए ड्रग्स के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया को नियंत्रित करने के लिए ड्रग एनफोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी)और रॉयल कैनेडियन माउंटेन पुलिस (आरसीएमपी) जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करना और 44 देशों के साथ द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर करना नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अमित शाह की दूरदर्शी सोच और उनकी रणनीतियों का अंहम हिस्सा है।

नशामुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में शाह ने जो बीज बोया, वो अब वटवृक्ष बन चुका है और उनकी नीतियों के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। वह दिन अब दूर नहीं जब नशा तस्करों पर नकेल कर समाज के भटके हुए लोग को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जायेगा तथा उनका भी सहयोग समाज व राष्ट्र के विकाश में लिया जाएगा।आये हम आप मिलकर प्रधान मंत्री जी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए एक संकल्प ले कि प्रत्येक भारतीय का नशा मुक्ति आंदोलन को जन आन्दोलन बनाये।ताकि पुनःभारत विश्वगुरु बन कर विश्व का नेतृत्व कर पायेगा।फिलहाल यह कहते हुए विदा लेते है।

# तीन दिवसीय प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स स्वनिधि महोत्सव का हरिद्वार के नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने किया उद्घाटन

## प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स स्वनिधि महोत्सव के प्रथम दिन एक रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों का किया गया पंजीकरण- संजय चोपड़ा

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। फुटपाथ के कारोबारी रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली 10,000 की अनुदान राशि के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लक्ष्य पूर्ति के लिए लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन दिवसीय प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स स्वनिधि महोत्सव का आयोजन कर न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन प्रांगण में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स स्वनिधि महोत्सव का उद्घाटन व शुभारंभ नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती के कर कमलों द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ शुभ फीते की गांठ खोलकर विधिवत रूप से तीन दिवसीय प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स स्वनिधि महोत्सव का उद्घाटन किया` पीएम स्वनिधि महोत्सव के दौरान मौके पर रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को राज्य सरकार की ओर से दी जा रही 10,000 की आर्थिक सहायता के साथ नवीन रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स का पीएम



स्वनिधि में पंजीकरण भी किया गया` इस अवसर पर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने कहा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नगर निगम के माध्यम से रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को मुख्यधारा में लाने के लिए बैंक लोन प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है ताकि रेहड़ी पटरी का स्ट्रीट वेंडर्स महाजन के चुंगल से आजाद होकर स्वयं प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना का लाभ ले सके उन्होंने कहा 17 अप्रैल तक राज्य सरकार के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा 7000 रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय संगठनों के सहयोग से रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को जागरूक किया जा रहा है ताकि केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में आसानी से अपना स्वरोजगार चला सके`

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वंडर्स स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से प्रथम दिन 1000 रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को योजना में लाभार्थी बनाए जाने का कार्य प्रचलन में आया है उन्होंने कहा कि दूसरे दिन यह आयोजन सप्त ऋषि रोड, लाल माता मंदिर के सामने स्थानीय पार्किंग में आयोजित किया जाएगा उन्होंने यह भी कहा स्थानीय रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली 10,000 की आर्थिक सहायता की विस्तार पूर्वक जानकारी ना होने के कारण योजना से वंचित रह जाते हैं उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन क्षेत्रीय सर्वे कर रही कंपनी अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन नोएडा द्वारा प्रथम चरण में हरिद्वार और देहरादून दूसरों को स्ट्रीट वेंडर्स का डेटाबेस व सर्वे प्रक्रिया की जा रही है उन्होंने कहा अभी यह कार्यक्रम तीन दिवसीय आयोजित किए जा रहे हैं आगामी कार्यक्रम विशाल रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरिद्वार के लोकसभा सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, क्षेत्रीय विधायक मदन कौशिक अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सम्मलित कर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को दिए जाने वाला संरक्षण का लक्ष्य पूरा किया जाएगा ` प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स स्वनिधि महोत्सव के कार्यक्रम में सम्मलित हुए सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद, सिटी मेंशन मैनेजर अंकित सिंह रमोला, क्षेत्रीय सर्वे कर रही कंपनी अमेरिकन इंडिया फाऊंडेशन नोएडा के अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय, अवदीप सैनी, अमित कुमार, आशू कुमार, स्थानीय बैंकों के प्रतिनिधि के साथ लघु व्यापारी नेता मनोज मंडल, राजेंद्र कुमार, मोहनलाल, जय भगवान, विजेंदर चौधरी, चुन्नू चौधरी, विकास कुमार, अनूप सिंह, मनीष शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, राजकुमार एंथनी, विकास सक्सेना, प्रदुमन सिंह, लाल चंद गुप्ता, भोला यादव, चंदन सिंह रावत, जय सिंह बिष्ट, गौरव मित्तल, गिरीश सिंह, सोनू, ओमप्रकाश, वीरेंद्र कुमार, प्रभात चौधरी, सचिन राजपूत, सुमन गुप्ता, आशा देवी, सुनीता चौहान, मंजू पाल, नम्रता सरकार, पुष्पा दास, कमल कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# बिना अनुमति के बैठक, सभा, या सार्वजनिक इफ्तार पर होगी कार्यवाही

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पंचायत व निकाय चुनाव के संदर्भ में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने संयुक्त रुप से प्रेसवार्ता किया। जिलाधिकारी ने बताया कि 9 अप्रैल से जिले में आचार संहिता लागू है। 11 से 17 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से शाम को तीन बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने का कार्य होगा। नामांकन पत्रों की जांच 18 अप्रैल को 20 अप्रैल को नाम वापसी, 21 अप्रैल को चुनाव चिह्न आवंटन तथा 4 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जनपद में तीन नगरपालिका गाजीपुर, मुहम्मदाबाद व जमानियां हैं। पांच नगर पंचायत जंगीपुर, सैदपुर, सादात, बहादुरगंज और दिलदारनगर है। नगर पालिका और नगर पंचायत में कुल 2 लाख 29 हजार 358 मतदाता हैं। नगरपालिका और नगर पंचायत में कुल वार्डों की संख्या 136, मतदान केंद्र की संख्या 99,



मतदेय स्थल 266 है। पूरे क्षेत्र को 12 जोन और 26 सेक्टर में बांटा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष पद के आवेदन का मूल्य 500 व जमानत राशि 8000 रुपया और आरक्षित सीटों के लिए 250,और जमानत राशि 4000 रुपया, सभासदों के लिए 200 रुपया व जमानत राशि 2000 रुपया और आरक्षित सीटों के लिए 100 रुपया और जमानत राशि 1000 रुपया। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 250 और जमानत राशि 5000, आरक्षित सीट के लिए 125 रुपया जमानत धनराशि 2500, सभासद के लिए 100 रुपया व जमानत राशि 2000 और आरक्षित के लिए 50 रुपया व जमानत राशि 1000 रुपया है। चुनाव प्रचार में नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अधिकतम 9 लाख रुपया तक खर्च कर सकता है और सभासद प्रत्याशी दो लाख रुपया तक खर्च कर सकता है। इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अधिकतमत ढाई लाख रुपया व सभासद प्रत्याशी 50 हजार खर्च कर सकता है। उन्होने बताया कि मतदान पार्टी तीन मई को 8 जगहों से रवाना हो जायेगी। उन्होने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए 24 फ्लाइंग स्क्वायर्ड बनाया गया है। जो चुनाव प्रचार पर निगरानी रखेंगे। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि तीन नगर पालिका और पांच नगर पंचायतों में निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस कटिबद्ध है। किसी भी दशा में कोई मतदान के लिए रोक नही सकता है। चुनाव क्षेत्र में सभा, पार्टी, बैठक या सार्वजनिक रुप से इफ्तार का आयोजन करने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के आयोजन करने पर कठोर कार्रवाई होगा। पूरे क्षेत्र में चेकिंग के माध्यम से अवैध तस्करी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पूरे जनपद में सघन चेकिंग अभियान चल रहा है। मतदान के दो दिन पहले बाहरी व्यक्तियों को चुनाव क्षेत्र से बाहर कर दिया जायेगा।

## पुलिस कमिश्नर एवं डीएम ने जी-20 के आयोजन से सम्बन्धित शहर के प्रमुख स्थलों पर कराए जा रहे सजावट एवं अन्य कार्यों का लिया जायजा



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जी-20 के आयोजन से सम्बन्धित शहर के प्रमुख स्थलों पर कराए जा रहे सजावट एवं अन्य कार्यों का जायजा लेने के लिए पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन तथा जिलाधिकारी एस. राजलिंगम सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण किये उन्होंने सारनाथ म्यूजियम, सारनाथ धमेख स्तूप का निरीक्षण किया और लाइट एंड साउंड सिस्टम को देखा इसके अलावा ट्रेड फैसिलिटेशन सेन्टर भी गये और वहां पर चलने वाले लाइट एंड साउंड प्रोजेक्शन के द्वारा यहां की संस्कृति और सभ्यता के प्रदर्शन की जानकारी ली तथा हैंडीक्राफ्ट शोरूम का भी निरीक्षण किया जहां बनारसी बुनकारी विधा के कीमती नमूने संजोकर रखे गये हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को शेष कार्यों को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गों पर गंदगी एवं कूड़े का ढेर कतई न हो नियमित साफ-सफाई के साथ कूड़े की उठान सुनिश्चित कराई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### राजघाट पुलिस ने 3 गाजा तस्करों को 15 किलो गाजा के साथ किया गिरफ्तार




प्रखर गोरखपुर। राजघाट पुलिस 15 किलो गांजा के साथ मास्टरमाइंड सौरव सिंह सहित दो अन्य अभियुक्त मोहम्मद जहीर आलम युसूफ रावत को नाजायज 15 किलो गाजा इनोवा क्रेटा कार मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर दो लैपटॉप 41400 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई ने पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि अवैध गांजा कारोबारी/तस्करों सौरभ सिंह पुत्र भानूप्रपात सिंह निवासी एच.आई.जी विवेकपुरूम निकट नौका बिहार सिद्धार्थ इन्क्लेव थाना रामगढताल गोरखपुर, मो0 जहीर आलम पुत्र अली शेर मिया निवासी करमनिया थाना मोफस्सिल बेतिया बिहार व यूनूस राउत पुत्र गफूर राउत निवासी करमनिया थाना मौफस्सिल बेतिया बिहार को 15 किग्रा अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। अवैध गांजा कारोबारी उड़ीसा से जरिए इनोवा क्रेटा कार से गाजा बिहार होते गोरखपुर लाकर गाजा शौकीनों को बेचने का कार्य करते थे इससे पूर्व उड़ीसा से तीन बार गाजा गोरखपुर लाकर बेचने का कार्य कर चुके हैं मास्टरमाइंड गाजा तस्कर सौरभ सिंह शूटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर का प्लेयर रह चुका है। प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी कोतवाली जगतराम कनौजिया भी मौजूद रहे।

### गुरु तेग बहादुर के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा पेश किया गया कीर्तन

प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में दिन रविवार को रात्रि में बच्चों का कार्यक्रम रखा गया। जिसमे बच्चों द्वारा बहुत ही मनोहर कीर्तन पेश किया गया कमेटी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया वही दिन सोमवार को सुबह चार बजे सैकड़ो लोगो के साथ गुरुद्वारा से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का सातवां दिन कार्यक्रम संपूर्ण हुआ। वही आज रात्रि गुरुद्वारा साहिब में तख्त श्री पटना साहिब, रागी जत्था का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सतपाल सिंह, उपाध्यक्ष मानसिंह, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, सेक्रेटरी अनमोल सिंह, उप सेक्रेटरी कमल सिंह, मैनेजर परमजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, ईश्वर सिंह, सुखदेव सिंह, नमन सिंह, जगजीत सिंह, राजू सिंह कर्नल सिंह, जसपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### गौशाला प्रकरण में हाईकोर्ट ने नोटिस भेज मांग जवाब

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थिति स्थाई गौशाला की सच्चाई को उजागर करने पर चार पत्रकारों पर फर्जी तरीके से प्रशासन द्वारा ग्राम प्रधान को आगे कर के गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पत्रकारों द्वारा पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को पत्रक भेज न्याय की गुहार लगाई थी। प्रशासन के बेरुखी रवैया से क्षुब्ध होकर पत्रकारों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट ने सोमवार की सुबह पत्रकारों के तरफ से दाखिल रिट पर डबल बेंच ने सुनवाई की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला ने केराकत कोतवाली में दर्ज एफआईआर( प्रथम सूचना रिपोर्ट) को आपत्तिजनक मान फटकार लगाते हुए प्रथम सूचना देने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी कर तीन हफ्ते भीतर जवाब मांगा।

### गीडा पुलिस को मिली सफलता हत्यारिन पत्नी को एवं प्रेमी को किया गिरफ्तार



प्रखर गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के मल्हीपुर में तलाब में मिली लाश को पत्नी सीतांजलि ने अपने प्रेमी बृजमोहन विश्वकर्मा के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर तालाब के किनारे फेंक दीया था गीडा पुलिस ने 72 घंटे के अंदर सफल अनावरण किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 25000 नगद इनाम देने की घोषणा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि रामानंद विश्वकर्मा दुबई में कारपेंटर का कार्य फरवरी 21 से करता था इधर रामानंद विश्वकर्मा की बहन के देवर बृजमोहन विश्वकर्मा से अवैध संबंध हो गया जब जानकारी हुआ कि रामानंद दुबई से गोरखपुर आ रहा है 2 महीना पहले से ही हत्या करने की रणनीति बनाने लगे सीतांजलि का आशिक बृजमोहन लखनऊ रामानंद को अपने साथी के साथ लेने भी गया था कि रास्ते में ही मौका मिलते ही हत्या कर देंगे लेकिन कहीं मौका नहीं मिला जिस कारण 6 अप्रैल को सुबह सकुशल रामानंद अपने घर पहुंच गया लेकिन सीतांजलि ने अपने पति को प्रेम प्रसंग में इतनी दीवानी हो गई थी रात में खाने में नींद की गोली मिला कर खाना खिला दी पूरा परिवार गहरी नींद में सो गए बृजमोहन अपने दोस्त अभिषेक चौहान के साथ छत के रास्ते चढ़कर अंदर धर में प्रवेश कर गया सीतांजलि अपने प्रेमी बृजमोहन और अभिषेक चौहान के साथ मिलकर गला दबा कर हत्या कर दिए लाश को ठिकाने लगाने के लिए दुपट्टा और साड़ी के सहारे छत के पीछे से लाश को नीचे उतारकर पोखरी में लेजाकर फेंक दी प्रथम दृष्टया जांच में ही पता चल गया था कि रामानंद की हत्या किसी अन्य जगह कर के तालाब में फेका गया है तफ्तीश में सीतांजलि के पास डायरी में अपने पति रामानंद से अच्छे संबंध है ना होने का है जिक्र होना पाया गया पास में फोटो अन्य व्यक्ति के साथ पाया जाना साबित करने लगा कि पत्नी से किसी और का संबंध था पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी तथा सीओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह जांच ने जांच को आगे बढ़ाते हुए पत्नी से कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रेमी बृजमोहन विश्वकर्मा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 25000 नगद इनाम देने की घोषणा की। पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 07 अप्रैल 2023 को सुबह करीब बजे के आस पास सूचना मिला कि ग्राम मल्हीपुर में गाँव के ही रामानंद विश्वकर्मा पुत्र रामप्रीत विश्वकर्मा का शव का संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ है । मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गयी । पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोटने से मृत्यु होने के संबंध में पुष्टि हुई । मृतक रामानंद विश्वकर्मा के पिता रामप्रीत विश्वकर्मा की लिखित तहरीर पर थाना स्थानीय पर 195/2023 धारा 302,201 भादवि बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह तथा थाना अध्यक्ष गीडा मदन मिश्रा द्वारा हत्या में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

## आवारा सांड़ के आतंक से ग्रामीण भयभीत, जिम्मेदार मौन

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र में इन दिनों छुट्टा मवेशियों को लेकर हर कोई परेशान दिख रहा है छुट्टा मवेशियों से बची फसल को किसान तो काट कर रख लिया पर छुट्टा मवेशी चिलचिलाती धूप में अपनी प्यास बुझाने के लिए गांवो के अंदर का रुख कर रहे है।चिलचिलाती धूप व गर्मी की बढ़त से छुट्टा मवेशीयों में बौखलाहट काफी दिख रही है जिससे आये दिन सांडों व गायों द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाते व मारते देखा जा रहा है।अकेले सरायबीरु ग्राम में मवेशियों द्वारा लगभग आधा दर्जन लोगों को घायल किया जा चुका है।आवारा छुट्टा पशुओं की संख्या क्षेत्र में काफी हद तक बढ़ गयी है जहाँ तहां पशुओं को देखा जा रहा है,सड़कों पर विराजमान दिखाई पड़ते हैं।किसी के गल्ले की दुकान में घुसते तो किसी सब्जी विक्रेता के दुकान पर धाबा बोलते दिख रहे हैं। पशुओं के हमलों से ग्रामीण काफी आहत में हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि पशुपालन विभाग,तहसील प्रशासन व विकास खण्ड को पत्रक के माध्यम से अवगत करा दिया गया है पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। सरायबीरू निवासी सत्यवान गुप्ता ने बताया कि गांव में एक आवारा पशु उग्र हो गया है जो कई लोगो को घायल कर चुका है।कुछ दिन पहले हमे घायल कर चुका है जिससे मेरी दो हड्डी फैक्चर हो गई थी जिस कारण दो महीने तक हमको बेड रेस्ट होना पड़ा।आवारा पशु की शिकायत की गई थी साथ ही मैं अधिकारियो ने निवेदन है कि छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की कृपा करे। सरायबीरू निवासी सुधाकर सिंह ने बताया कि आवारा छुट्टा पशुओं से हम लोग इतना त्रस्त है कि आये दिन घर के बाहर व खेत खालियानों में फसलों को क्षती पहुंचने के साथ मानव क्षति भी पहुंचा रहे है। इसके पहले मेरे भाई को भी छुट्टा पशु जानलेवा हमला कर चुका है इससे हम लोग काफी परेशान है जिसकी सूचना ब्लॉक के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है।उन्होंने कहा कि आवारा पशु सरायबीरु से लेकर मंडी तक घूम रहे है लेकिन कोई संज्ञान में नही ले रहा है मेरा प्रशासन से निवेदन है कि जल्द से जल्द छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की कृपा करे। सरायबीरू निवासी हेमंत सिंह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के बजय से आवारा पशुओं का आतंक इतना ज्यादा बड़ चुका है कि फसलों को नुकसान करने के साथ साथ मानव क्षति भी पहुंचा रहे हैं।हमारे बगल के ही मास्टर पर पशु जानलेवा हमला कर दिया किसी तरह से उनकी जान बची सकी पशुओं को लेकर हर तरफ ट्राहीमान मचा हुआ है।

## 9 मई को सार्वजनिक अवकाश के लिए क्षत्रिय महासभा ने दिया पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा गाजीपुर के युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी गाजीपुर से मिलकर मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश एवं मंडलाआयुक्त वाराणसी से संबंधित एक पत्रक सौंपा इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष ने बताया कि 09 मई को महाराणा प्रताप जयंती है। इतिहास में 09 मई 1540 कुम्भलगढ़ दुर्ग मेवाड़ राजस्थान में उनका जन्म हुआ था और हिन्दुस्तान के प्रथम स्वतंत्रा संग्राम सेनानी थे। जिस समय हिन्दुस्तान के अन्दर मुगलको का शासन चरम पर था और अकबर पुरे हिन्दुस्तान को अपने शैन्य बल के बूते कब्जे में ले रहा था जिसमें अनेको योद्धा उसके सामने नतमत्सक हो चुके थे। तब उसका सामना इस वीर क्षत्रिय योद्धा ने किया, उसके सामने न झूककर अपने मिट्टी की मान सम्मान स्वभीमान राजपूति आन मान शान के खातिर घास की रोटी खाना तो पसन्द किये लेकिन कभी अपने स्वाभिमान के साथ समझौता नही किये। भले ही उनकी सेना छोटी रही हो



लेकिन अकबर उनको कभी हरा नही पाया। पुरे युद्ध में जब तक सांस में सास थी भुजाओं मे बल था कभी हार नही माने और अन्त तक युद्ध करते रहे है और हिन्दुस्तान की मिट्टी के खातिर अपना प्राण नौछावर कर दिया और अकबर के मंशा पर पानी फेर दिया। ऐसे महा पुरूष की जयंती को इतिहासकारो के कुचक्र द्वारा विलुप्त किया गया है। जिसको अब पुरा क्षत्रिय समाज बर्दास्त नही कर सकता है और इस जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाय या फिर राज्य सरकार उन महापुरुषों की तरह महाराणा प्रताप जयंती को भी राज्य स्तर से अपने द्वारा मनाया जाए अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 09 मई को सर्वाजनिक अवकाश घोषित किया जाय या फिर राज्य सरकार अन्य महापुरुषों की तरह महाराणा प्रताप जयंती को भी राज्य स्तरीय जयंती मनाई जाए। अन्यथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर सिंह सिंघम, पुष्कर सिंह, तकदीर बहादुर सिंह, पवन सिंह, अंकुर सिंह, विकास सिंह, मनीष सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## कोरोना को बढ़ते देख अस्पताल व केन्द्रों की परखी गई क्षमता

प्रखर मिजार्पुर। कोरोना के बढ़ते गति को देखते हुए प्रदेश स्तर से आदेश मिलते ही सोमवार को जनपद के पांच केन्द्रों की क्षमता को परखने का कार्य किया गया। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिले के पांच केन्द्रों मण्डलीय चिकित्सालयए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विन्ध्याचलए सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार समेत प्रा0स्वा0 केन्द्र लालगंज में अस्पतालों की क्षमता को परखने का कार्य किया गया । इसके लिए तैयारी पहले पूर्ण कर ली गई थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण करा दिया गया था। जिले के सभी केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश है कि मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करें और अस्पताल आने वाले भी मास्क पहनकर ही आएं। इसके अलावा विभाग की ओर से स्पष्ट आदेश दिया गया है कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में सामाजिक दूरी को बनाये रखे। इस समय जिले में 06 कोरोना के मरीज मौजूद है। टीकाकरण प्रबन्धक मायाशंकर मिश्र ने बताया कि अभी तक जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों 2221715 को प्रथम डोजए द्वितीय डोज 2100431 लोगों को द्वितीय डोज व 12 से 14 उम्र के 1744491 लोगों को प्रथम डोज व द्वितीय डोज से101705 लोगों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 15 वर्ष से 17 वर्ष के उम्र के लोगों में प्रथम डोज 522923 द्वितीय डोज 193750 लोगों को ही द्वितीय डोज दिया गया है और 20 लाख लोगों को ही प्रिकांशन डोज से आच्छादित किया गया है। अपर



मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर मुकेश ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार, राजगढ़ विन्ध्याचल व लालगंज में कोरोना मरीजों के लिए 20 वार्ड का एक वार्ड बनाया गया है। इन वार्डो में मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी उनका तत्काल उपचार शुरू कर दिया जायेगा। मेडिकल कालेज के प्राचार्य आर0बी0कमल की निगरानी में मण्डलीय चिकित्सालय की क्षमता को आंका गया चिकित्सालय में 30 बेड का एक वार्ड बनाया गया है और हर बेड पर एक आंक्सीजन सिलेण्डर की उपलब्धता के साथ ही साथ आंक्सीजन प्लान्ट को भी चालू करके देखा गया। जिससे की मरीज के आने पर किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

**कोरोना वायरस के बचाव हेतु क्या करें**- अपने हाथों को बार बार साबुन एवं साफ पानी से धोए एहाथों से नाक मुंह व आंख को बारण्बार न छुएए खासते और छींकते समय इस्तेमाल किए टिशु पेपर को कूड़ेदान में फेंके एवं मुंह नाक को अच्छी तरह ढक कर रखेंए बुखार खांसी तथा सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें एखासी बुखार होने पर यात्रा न करें और नियमित रूप से साफ सफाई का ध्यान दें एभीड़ भरी जगहों पर जाने से बचें संक्रमित व्यक्ति से पर्याप्त दूरी बनाएं।

**कोरोना वायरस से बचाव हेतु क्या न करें**- सार्वजनिक स्थलों एवं खुले स्थानों पर न थूके एबेवजह अपनी आंखें नाक या मुंह न छुएए छूने के बाद हमेशा अपने हाथों को अच्छी तरह साबुन और पानी से धोएंए खासी बुखार के लक्षण होने पर या सांस लेने में तकलीफ होने पर तथा लक्षण समाप्त होने तक सार्वजनिक स्थलों पर न जाएं और लोगों से निकट संपर्क न करें।

## अंबेडकर जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 132 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम सभा भगौती देई में सामान्य ज्ञान



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल के पहले पड़ने वाले रविवार को कराया जाता है जिसे गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट सम्पूर्णा नन्द (वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश) व उनकी टीम के द्वारा सकुशल संपन्न कराया जाता है। सम्पूर्णा नन्द ने बताया कि यह प्रतियोगिता विल्कुल निशुल्क होती है और इस प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को पेन उपहार स्वरूप दिया जाता है। साथ ही प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उनके क्लास के हिसाब से किताब उपहार में प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाता है । यह प्रतियोगिता कक्षा तीन से बारह तक के बच्चों के लिए होता है । और सभी क्लास के पेपर अलग-अलग होते हैं जिसमें क्षेत्र के सभी लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं । प्रतियोगिता में कुल 270 बच्चों ने प्रतिभाग किया। पुरस्कार वितरण चौदह अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 132वीं जयंती समारोह में वितरित किया जाएगा।

## शिक्षकों की कमी से जूझते परिषदीय विद्यालय, पढ़ने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हैं छात्र

प्रखर तमकुही, कुशीनगर। सरकार ने परिषदीय स्कूलों में बच्चों को जूते मोजे, स्वेटर बांटने की शुरूआत की। स्कूलों को मॉडल बनान शुरू किया। किताबें भी पहले के मुकाबले जल्दी पहुंचने लगीं। स्कूल में अगर छात्र-छात्राओं को किताबें, बैग, यूनिफॉर्म सब कुछ दे दिया जाए, लेकिन वहां टीचर ही ना हो तो क्या फायदा। जिले के सैकड़ों परिषदीय स्कूलों का कुछ ऐसा ही हाल है। कोई स्कूल सिर्फ एक शिक्षक व शिक्षा मित्र के भरोसे चल रहा है तो कोई सिर्फ दो टीचर के सहारे चल रहा है।

**पढ़ने के लिए अपनी बारी का करते हैं इंतजार**- कुशीनगर में चलने वाले प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों में अंतर्जनपदीय तबादले से आई रिक्तियों का खामियाजा लाखों छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। हालात यह है की कई स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं को पढ़ाता है तो कई जगह दो शिक्षक हैं भी तो एक शिक्षक विद्यालय के अभिलेखों, नवाचार, डीबीटी, बैंकिंग, एमडीएम आदि तमाम गतिविधियों को ऑनलाइन भरने में ही व्यस्त है । नतीजा जब शिक्षक एक क्लास में होता है तो दूसरी क्लास के छात्र छात्राएं इंतजार करते हैं।


**कैसे पूरा होगा नामांकन का लक्ष्य**- इन स्कूलों के हाल देख कर तो ऐसा लगता है बेसिक शिक्षा विभाग खुद अपने स्कूलों को बदहाल कर कॉन्वेंट स्कूलों को बढ़ावा देने में लगा है। जिले के सैकड़ो प्राइमरी स्कूलों में आज सिर्फ एक या दो शिक्षक है। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस साल छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन इन हालात में ये कैसे पूरा होगा।

**भर्ती में प्रदेश स्तर पर मेरिट व फिर बाद में अंतर्जनपदीय स्थानांनतरण से ट्रांसफर बनी समस्या की मूल वजह**- जिले में शिक्षा विभाग से ताल्लुक रखने वाले जागरूक लोगो का मानना है कि शिक्षकों की कमी की मूल समस्या शासन की नीतियां ही




जिम्मेदार हैं कारण की भर्ती के समय प्रदेश स्तर पर मेरिट बनाई जाती है, कुशीनगर की मेरिट कम होती हैं और यहां हमेशा रिक्तियां ज्यादा रहती है। फिर दूसरे जिले के अभ्यर्थी यहां नियुक्ति तो पा लेते हैं और फिर अंतर्जनपदीय स्थानांनतरण में अपने जिले में चले जाते हैं। जिससे यहां रिक्तियां जस की तस बनी रहती है और दूसरे जिलों में शिक्षक सरप्लस हो जाते हैं। वही कुशीनगर में शिक्षकों की समस्या बनी रहती है। अगर अन्य जनपदों में नजर दौड़ाई जाय तो वहां बच्चों के सापेक्ष शिक्षक सरप्लस है तो दूसरी तरफ कुशीनगर में बच्चों के सापेक्ष शिक्षको की संख्या काफी कम है। ऐसे में शिक्षक बच्चों को पढाये तो विभाग की गतिविधियां पूरा नही होगी, और गतिविधियों को पूरा करे तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। अगर गतिविधियों को न करे तो अकेला चना कैसे भाड़ फोड़ सकता है क्यो कि कही एकल व दो शिक्षकों के भरोसे विद्यालय है और प्राथमिक में 5 और पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षाएं संचालित होती हैं।। लोगों का कहना है कि शिक्षक गैर जनपद में नियुक्ति पा लेते हैं फिर चुनाव के समय अंतर्जनपदीय तबादला के लिए अभियान चलाते हैं फिर सरकार उनके दबाव में समस्याओं को दरकिनार कर उनके तबादले की प्रक्रिया करती है, और ऐसे में अपने रसूख व प्रभाव के बलबूते शिक्षक अपने जनपद चले जाते हैं और शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जनपदों की स्थिति पहले ही की तरह हो जाती हैं। यहां नियुक्ति का प्रभाव बेअसर हो जाता है। लोगों का कहना है कि अन्य जनपदों में नामांकन के सापेक्ष शिक्षको की संख्या अधिक है तो वही कुशीनगर में नामांकन के सापेक्ष शिक्षको की संख्या काफी कम है। सरकार को यहां नियुक्तियों के साथ ही तबादलों पर तब तक रोक लगाना चाहिए, जब तक यहां भी अन्य जनपदों की तरह शिक्षकों का अनुपात सही न हो जाय। वही कागजी कार्यो के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत में एक क्लर्क की भी तैनाती होनी चाहिए, जिससे शिक्षक कागजी कार्यो से तनावमुक्त होकर शिक्षण कार्य करे और परिषदीय विद्यालयों का शैक्षणिक माहौल बेहतर होने के साथ ही नामांकन को बढ़ाया जा सके और अभिभावक खुद अपने पाल्यो का नामांकन कराने पहुंचे। क्यो कि अभिभावक भी प्राइवेट विद्यालयो के महंगे फीस व व्यवस्था से त्रस्त हैं और अभिभावक भी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षको की कमी की समस्या दूर होने की राह देख रहे हैं। बेसिक विद्यालयों में अभिभावकों के रुझान न बढ़ने की असली वजह शिक्षको की कमी है।

Entertainment News



## कंगना ने शायराना अंदाज में बयां किया दिल का हाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत लाइमलाइट में बने रहने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार पोस्ट कर तहलका मचाए रहती हैं। फिलहाल एक्ट्रेस की ट्विटर पर की गई एक रोमांटिक पोस्ट काफी वायरल हो रही हैं। इस पोस्ट के बाद यूजर्स को लग रहा है कि एक्ट्रेस की लाइफ में किसी समवन स्पेशल की एंट्री हो गई है। कंगना रनौत ने अपने ट्विटर हैंडल पर कैमरे के लिए पोज देते हुए अपनी कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की थी। इनमें क्लोज-अप भी शामिल है। इसी के साथ एक्ट्रेस ने शायराना अंदाज में रोमांटिक पोस्ट भी लिखी। उन्होंने लिखा, इश्क वो आतिश है गालिब जो लगाने से लगती नहीं और बुझाने से बुझती नहीं। कंगना की पोस्ट काफी वायरल हो रही है और फैंस जमकर कमेंट भी कर रहे हैं।



## अनिल कपूर ने 110 डिग्री सेल्सियस में किया वर्कआउट

अनिल कपूर अपनी आगामी एक्शन फिल्म फाइटर के लिए कमर कस रहे हैं और उन्होंने इस फिल्म में फिट नजर आने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। अनिल ने हाल ही में अपने वर्कआउट सेशन के कुछ वीडियो क्लिप शेयर किए हैं। वह बेहद ठंडे तापमान में एक बंद जगह में शर्टलेस वर्कआउट करते नजर आ रहे हैं। दूसरे वीडियो में वह थम्स-अप दिखाते हुए क्रायो-सेंटर के अंदर जॉगिंग और जंपिंग करते नजर आ रहे हैं। इसकी झलक इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अनिल ने लिखा, 40 के टाइम पर नॉटी हो गया... 60 के वक्त सेक्सी होने का वक्त है...फाइटरमोडियन। इससे पहले अनिल ने काली टी-शर्ट और काली ट्रैक पैंट पहने हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया था।



## गैंग लीडर बनकर रिया ने टीवी पर किया कमबैक

बतौर वीजे अपने करियर की शुरुआत करने वाली रिया चक्रवर्ती काफी समय से टीवी से दूर थीं, लेकिन अब उनके चाहने वालों के लिए एक खुशखबरी है। रिया जल्द ही छोटे पर्दे पर वापसी करेंगी और वह भी 'गैंग लीडर' बनकर। रिया चक्रवर्ती ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'रोडीज 19' का लेटेस्ट प्रोमो शेयर किया है। 'रोडीज कर्म या कांड' के प्रोमो में रिया को ऑल ब्लैक लुक में देखा जा सकता है। वीडियो में उन्होंने कहा, आपको क्या लगा मैं वापस नहीं आऊंगी, डर जाऊंगी... डरने की बारी किसी और की है। आपको बता दें कि साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड के बाद रिया चक्रवर्ती पर कई आरोप लगे। उन पर केस चला और कई दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा। इसके अलावा उन्हें खूब ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था।



# हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा ने ऐसे गाड़े झंडे

बॉलीवुड की देसी गर्ल यानी प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड सिनेमा में भी छाई हुई है। पीसी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक फिल्में दी है। अदाकारा को इंडस्ट्री में पूरे 20 साल हो चुके हैं। पर्दे पर रोमांटिक रोल से लेकर प्रियंका ने कई ऐसे रोल भी निभाए, जिसने दर्शकों को हैरान भी किया। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम तमिल फिल्म थमिजहन से रखा था। इस फिल्म में प्रियंका के अपोजिट विजय नजर आए थे। फिल्म में प्रियंका का किरदार काफी लिमिटेड था। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड की फिल्म फिल्म द हीरो लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई से डेब्यू किया।

प्रियंका चोपड़ा उत्तर प्रदेश के बरेली शहर की रहने वाली प्रियंका चोपड़ा ने साल 2000 में महज 17 साल की उम्र में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम कर लिया था।






**पहली फिल्म**

फिल्म फिल्म द हीरो लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई से डेब्यू किया। ये फिल्म 9 अप्रैल साल 2003 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में प्रियंका ने सेकंड लीड एक्ट्रेस की भूमिका अदा की थी, फिल्म में सन्नी देओल, प्रीति जिंटा, अमरीश पुरी और प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थे। वहीं इस फिल्म के ठीक एक महीने बाद 23 मई साल 2003 को प्रियंका राज कंवर की फिल्म अंदाज में नजर आई, जिसमे अक्षय कुमार के अपोजिट दिखाई दी थी।

**पहली हॉलीवुड फिल्म**

बॉलीवुड में कई सुपरहिट फिल्में देने के बाद पीसी ने हॉलीवुड इंडस्ट्री की तरह अपने कदम बढाए। कड़ी मेहनत के बाद प्रियंका चोपड़ा ने साल 2017 में हॉलीवुड डेब्यू फिल्म बेवॉच से अपना डेब्यू किया। फिल्म में डवेन जॉनसन यानी रॉक मुख्य भूमिका में थे। %बेवॉच% से पहले पीसी अमेरिकन टीवी शो क्वांटिको 2 में भी नजर आई थी।

**म्यूजिक करियर**

प्रियंका चोपड़ा एक्टिंग के अलावा म्यूजिक में भी बेहद दिलचस्पी रखती हैं। प्रियंका की पहली रिकॉर्डिंग उनकी पहली थामिजहन के लिए थी। प्रियंका को सिंगिंग की दुनिया में पहचान इन माय सिटी से मिली।

**पर्सनल लाइफ**

करियर में इतना कुछ पाने के बाद प्रियंका चोपड़ा ने साल 2018 में विदेशी ब्वॉयफ्रेंड निक जोनस संग शादी रचाई थी। ये शादी हिंदू और क्रिश्चियन दोनों रीति-रिवाज से हुई थी। साल 2022 में ये कपल सेरोगेसी के जरिए बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के पेरेंट्स बने।

**अवार्ड्स**

प्रियंका को उनका पहला सर्व श्रेष्ठ अभिनेत्री नेशनल अवार्ड फिल्म फैशन के लिए वर्ष 2008 में मिला था। इसके बाद प्रियंका की झोली में पांच फिल्मफेयर आवर्ड भी मिले। इसके अलावा प्रियंका क्वांटिको के लिए, दो पीपल्स चॉइस अवॉर्ड्स भी जीत चुकी हैं। प्रियंका पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड जीतने वाली वह पहली दक्षिण एशियाई अभिनेत्री हैं।




## छिप-छिपकर कत्थक सीखते थे टेरेंस

टेरेंस लुईस इंडियन डांसर और कोरियोग्राफर अपने डांस और स्टाइल की वजह से मशहूर हैं। 10 अप्रैल 1975 में मुंबई में पैदा हुए टेरेंस स्टंट के भी शौकीन हैं। टेरेंस लुईसने सिर्फ इंडिया ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपने डांस से लोगों का दिल जीत लिया है। मात्र 6 साल की उम्र से डांस सीखने वाले टेरेंस ने बचपन में ही एक डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और जीत दर्ज की। इसी जीत ने उन्हें स्टेज का दीवाना बना दिया था। साल 2002 में अमेरिकन कोरियोग्राफी अवॉर्ड जीत चुके टेरेंस आज अपना बर्थडे मना रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उनके बारे में कुछ खास बातें।

**गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है नाम**

कम ही लोग ये बात जानते होंगे की टेरेंस ने गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज कराया है, उन्होंने 'वर्ल्ड्स लारजेस्ट फोटोबुक' का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। दरअसल, बिग बाजार एंथम 'द डेनिम डांस' में काम करने के बाद टेरेंस ने सोशल मीडिया पर अपना डेनिम डांस फोटो शेयर करने को कहा था। ऐसे करके उन्होंने दुनिया का सबसे बड़ा फोटोबुक बना लिया था।

आपको बता दं कि कोरियोग्राफी के साथ-साथ टेरेंस ने फिटनेस इंस्ट्रक्टर के तौर पर शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान, एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित, सुष्मिता सेन, सुजैन खान और बिपाशा बसु सहित कई कलाकारों को ट्रेनिंग दी है। कहा जाता है कि बिजनेस फ्लॉप होने के बाद उन्हें मजबूरन ये काम करना पड़ा था। वहीं, बॉलीवुड में उनकी शुरुआत 'लगान' फिल्म से हुई थी। बॉलीवुड के बाद टेरेंस ने छोटे पर्दे का रुख किया और 'डांस इंडिया डांस'(डीआईडी), 'नच बलिए', 'इंडिया बेस्ट डांसर 1 और 2' जैसे कई शोज में जज के तौर पर घर-घर पहचान बनाई।



## रणबीर के कमेंट पर तिलमिलाई उर्फी जावेद

अपने अजीबो-गरीब फैशन सेंस को लेकर सुर्खियां बटोरने वाली उर्फी जावेद हमेशा अपनी नई स्टाइल से सबको चौंका देती हैं। वह अब एक ऐसा नाम बन चुकी हैं जिन्हें बॉलीवुड सितारे



भी इग्नोर नहीं कर सकते। उर्फी जावेद अपनी हर दिन अपने ड्रेसिंग स्टाइल से सबको हैरान कर देती हैं। हाल ही में बॉलीवुड के बेबो करीना कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उर्फी के फैशन सेंस की तारीफ की थी। वहीं रणबीर कपूर ने इस पर टिप्पणी करते हुए उर्फी के फैशन सेंस को बैड टेस्ट बताया था। जिस पर उर्फी ने चुप्पी तोड़ी है। एक्टर के बेड टेस्ट कमेंट पर बोलीं उर्फी हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उर्फी जावेद से पूछा गया कि, करीना कपूर ने उनके फैशन सेंस की तारीफ की थी तो कैसा लगा? इस पर उर्फी जावेद ने जवाब देते हुए कहा, मुझे लगा मैंने अपनी जिंदगी में कुछ हासिल कर लिया है। मुझे अपने लिए करीना की तारीफ सुनकर यकीन नहीं हुआ। इसपर उर्फी ने आगे कहा कि, भाड़ में जाए रणबीर कपूर, करीना ने मेरी तारीफ की है, उसकी औकात क्या है। रणबीर कपूर ने कही थी ये बात हालांकि उर्फी जावेद ने यह सब सिर्फ मजाकिया अंदाज में कहा। याद दिला दें कि रणबीर कपूर ने अपनी बहन करीना के शो में उर्फी जावेद के फैशन सेंस पर बात की थी।

## कभी पति तो कभी ब्वॉयफ्रेंड की वजह से आपस में झगड़ चुकी हैं ये बॉलीवुड एक्ट्रेसेस

अक्सर एक फिल्म में कई एक्ट्रेसेस काम करती हैं लेकिन ये जरूरी नहीं कि जो केमिस्ट्री उनकी पर्दे पर दिखाई देती है वो असली जिंदगी में भी वैसी ही हो। आज हम आपको उन हसीनाओं के बारे में बताने वाले हैं जिनरे बीच







कभी बॉयफ्रेंड तो कभी पति को लेकर लड़ाई हुई।

**प्रियंका चोपड़ा-करीना कपूर**

प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर ने साल 2004 में एक साथ फिल्म ऐतराज में काम किया। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि दोनों के बीच अच्छी नहीं बनती। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ऐतराज में करीना से ज्यादा प्रियंका के काम की तारीफ हुई और ये बात उन्हें पसंद नहीं आई। यही कारण है कि बेबो ने पीसी से दूरी बना ली।

**कैटरीना कैफ-दीपिका पादुकोण**



कैटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण के मनमुटाव की वजह हर कोई जानता है। दोनों ही रणबीर कपूर की वजह से एक-दूसरे की दुश्मन बन गई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर ने कैटरीना की वजह से ही दीपिका से ब्रेकअप किया था।

**रानी मुखर्जी-ऐश्वर्या राय**

साल 2003 में रिलीज हुई शाहरुख खान और रानी मुखर्जी की सुपरहिट फिल्म चलते-चलते में पहले ऐश्वर्या राय को कास्ट किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लास्ट टाइम पर फिल्म के मेकर्स ने ऐश्वर्या की जगह रानी को ले लिया। यही बात दोनों एक्ट्रेसेस के बीच मनमुटाव का कारण बनीं।

**करीना कपूर -बिपाशा बसु**

अब बात करते हैं बिपाशा बसु और करीना कपूर की जिन्होंने साल 2001 में फिल्म अजनबी में साथ काम किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूटिंग के दौरान एक बार दोनों के बीच बहस इतनी बढ़ी कि करीना ने बिपाशा को थप्पड़ ही मार दिया।

## निलंबित आईएएस पूजा पर ईडी कोर्ट का आरोप तय

**रांची, (एजेंसी)।** झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी कोर्ट ने आरोप गठित कर दिया है। ईडी कोर्ट ने प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट की धारा 3 और 4 के तहत श्रीमती सिंघल के खिलाफ आरोप गठित किया है। अब श्रीमती सिंघल के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि दोनों पक्षों की ओर से बहस होने के बाद कोर्ट ने आरोप गठन के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की थी। इससे पहले ईडी की विशेष कोर्ट ने 3 अप्रैल को पूजा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। रांची ईडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में मनरेगा घोटाला मामले में सुनवाई चल रही है।

## जैसलमेर में चार तस्करों से नौ किलो हेरोइन की बरामद

**जैसलमेर 10 अप्रैल (वार्ता)** राजस्थान के सीमांत जैसलमेर जिले में सोमवार अलसुबह एक बड़ी कार्यवाही के दौरान नौ किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में चार तस्करों को हिरासत में लिया गया है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए यह हेरोइन की खेप पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। जिले में दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्यवाही में मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में एक किलोग्राम एवं कोतवाली थाना क्षेत्र में आठ किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। बरामद हेरोइन करोड़ों रुपए की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन के दिशा निर्देशन में यह कार्यवाही की गई। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है एवं कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## आतंक व विदेशी हस्तक्षेप समाप्त करने का आह्वान

**काहिरा, (एजेंसी)।** मिस्र ने रविवार को सीरिया की सुरक्षा एवं स्थिरता को बहाल करने के लिए सभी प्रकार के आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप को समाप्त करने का अव्वान किया। मिस्र के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री सामेह शौकरी ने सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन के साथ एक फोन कॉल के दौरान सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के अनुरूप, सीरिया में एक व्यापक राजनीतिक समाधान तक पहुंचने के लिए श्री पेडरसन के सभी प्रयासों को मिस्र का पूर्ण समर्थन दोहराया।

## सपा की पदयात्रा 14 अप्रैल को प्रयागराज से होगी शुरू

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों कार्यक्रमों, विचारों व संदेशों को जन- जन तक पहुंचाने के लिए संविधान निर्माता, समाजसुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर 14 अप्रैल को देश बनाओ, देश बचाओ समाजवादी पद यात्रा निकालेगी। पार्टी के नेता एवं पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। देश बनाओ -देश बचाओ समाजवादी पदयात्रा का प्रयागराज से शुरू होकर प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, फैजाबाद बस्ती, संतकबीर नगर होते हुए गोरखपुर में समापन होगा। 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे सपा के जिला कार्यालय जार्जटाउन से पदयात्रा शुरू होगी।

## मीडिया में चार्जशीट कंटेंट सबूतों को दिखाने पर रोक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** श्रद्धा वाल्कर केस बेहद संवेदनशील है। नृशंस हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस दोषी को सख्त सजा दिलाने के प्रयास में जुटी है। इसी बीच दिल्ली की निचली अदालत का बड़ा आदेश सामने आया है। साकेत कोर्ट ने मीडिया घरानों से कहा है कि श्रद्धा वॉल्कर केस की चार्जशीट के कंटेंट और सबूतों को न दिखाया जाए। आदेश दिल्ली पुलिस की याचिका पर पारित हुआ है। दिल्ली पुलिस को सबूतों तक मीडिया की एक्सेस की विश्वसनीय सूचना मिली थी। रिपोर्ट के अनुसार, साकेत कोर्ट ने सभी मीडिया घरानों को मामले में डिजिटल साक्ष्य सहित चार्जशीट की सामग्री प्रकाशित करने और प्रसारित करने से रोक दिया है।

## आज का इतिहास

- 1713: ब्रिटेन और फ्रांस के बीच यूट्रेक्ट की दूसरी संधि ने स्पेनिश उत्तराधिकार का युद्ध समाप्त किया।
- 1827: भारत के महान विचारक, समाज सेवी तथा क्रान्तिकारी ज्योतिबा फुले का जन्म।
- 1869: महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का जन्म।
- 1881: अमेरिका के अटलांटा में स्पेलमान कॉलेज की स्थापना की गई।
- 1904: प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता एवं गायक कुन्दन लाल सहगल का जन्म।
- 1914: एक पेशेवर आर्किटेक्चर बंधुओं अल्फा रो ची ने शिकागो में होटल शेरमेन की स्थापना की।
- 1915: चार्ली चैपलिन की फिल्म द ट्रम्प को जारी किया गया।
- 1919: अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना की गई।
- 1921: रेडियो पर खेलों की पहली लाइव कमेंट्री का प्रसारण किया गया।

### अरुणाचल में एलएसी के पास गरजे गृहमंत्री शाह, कहा– गया वो जमाना...

# भारत की कोई सुई की नोक के बराबर नहीं ले सकता जमीन

**ईटानगर, (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत की जमीन हथियाने का जमाना चला गया है और सेना के पराक्रम से हम सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सुई की नोक जितनी जमीन भी हमसे कोई नहीं ले सकता। वे अरुणाचल प्रदेश में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास किबिथू इलाके में वाइब्रेंट विलेज के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि पूरा देश आज अपने घरों में चैन की नींद सो सकता है, क्योंकि हमारे भारतीय-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवान और सेना हमारी सीमाओं पर दिन-रात काम कर रहे हैं। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि हम पर बुरी नजर डालने की ताकत किसी में नहीं है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि 2014 से पहले पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को अशांत क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में, पीएम मोदी की 'लुक ईस्ट' नीति के कारण, पूर्वोत्तर को अब एक ऐसा क्षेत्र माना जाता है, जो देश के विकास में योगदान देता है। गृह मंत्री बनने के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य में शाह का यह पहला दौरा है. अधिकारियों ने बताया कि शाह किबितू में सोमवार को 'स्वर्ण जयंती सीमा प्रकाश कार्यक्रम' के तहत निर्मित राज्य सरकार की नौ सूक्ष्म पनबिजली परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। ये बिजली परियोजनाएं सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को सशक्त बनाएंगी। शाह लिकाबाली (अरुणाचल प्रदेश), छपरा (बिहार), नूरानड (केरल) और विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

मंगलवार को गृह मंत्री नमती इलाके जाएंगे और वालॉग युद्ध स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। गृह मंत्री किबितू में आईटीबीपी कर्मियों से भी बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए सड़क संपर्क के लिए विशेष रूप से 2500 करोड़ रुपए सहित 4800 करोड़ रुपए के केंद्रीय योगदान के साथ 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' (वीवीपी) को मंजूरी दी है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है। पहले चरण के लिए आंध्र प्रदेश के 455 सहित 662 गांव की पहचान की गई है।

## भारत व यूके के बीच 24 को ही होगी व्यापार वार्ता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



भारतीय अधिकारियों ने सोमवार को इन खबरों का खंडन किया कि भारत-ब्रिटेन व्यापार वार्ता ठप हो गई है। ऐसा दावा किया जा रहा था कि लंदन में खालिस्तान समर्थक समूहों से जुड़े हालिया हमलों के कारण व्यापार वार्ता रोक दी गई है। ब्रिटिश मीडिया की खबरों में कहा गया कि भारत ने मुक्त व्यापार समझौते को लेकर ब्रिटेन के साथ बातचीत को रोका है।

खबरों में कहा गया कि भारत चाहता है कि पिछले महीने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के लिए जिम्मेदार संगठनों के खिलाफ और अधिक कड़ी कार्रवाई हो। भारतीय विदेश मंत्रालय से जुड़े एक सूत्र ने नई दिल्ली में कहा कि यह खबर आधारहीन है। सूत्र ने कहा कि आधिकारिक वार्ता का अगला दौर 24 अप्रैल से लंदन में होने की संभावना है। द टाइम्स अखबार ने ब्रिटिश सरकार के सीनियर सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत सरकार ने पिछले साल जनवरी में शुरू हुई व्यापार वार्ता रोक दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि 19 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग से तिरंगा उतारने और 2 अधिकारियों को घायल करने के लिए जिम्मेदार खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

सार्वजनिक निंदा के बिना इसमें कोई प्रगति नहीं होगी। ब्रिटेन सरकार ने हमले की निंदा की है।

## एनएसए डोभाल से सुरक्षा पर वियतनाम के मंत्री ने की चर्चा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य जनरल टू लैम ने सोमवार को दक्षिण चीन सागर में बढ़ती मुखरता के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।



एनएसए अजीत डोभाल के निमंत्रण पर वियतनाम के लोक सुरक्षा मंत्री भारत दौरे पर है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सोमवार की वार्ता के दौरान, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच व्यापक सामरिक साझेदारी को और गहरा करने और रणनीतिक, सुरक्षा और रक्षा मामलों पर संबंधों को बढ़ाने, दोनों देशों, क्षेत्र और क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता बनाए रखने में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सितंबर 2022 में नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय भारत-वियतनाम उप मंत्रिस्तरीय सुरक्षा वार्ता के दौरान हुई चर्चाओं का उल्लेख किया और वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण में चल रहे सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

## विदेश जाएं तो राजनीतिक चश्मे को यहीं छोड़ जाएं: उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सलाह देते हुए कहा है कि जब भी देश के बाहर जाएं, राजनीतिक चश्मे को यहीं छोड़कर जाएं।



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विश्व होम्योपैथिक दिवस 2023 पर वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या कभी आपने देखा है कि विदेश से कोई गण्यमान्य व्यक्ति हमारे यहां आया हो और उसने कभी अपने देश के बारे में बुरी बात कही हो? कभी नहीं! चिंतन का विषय है कि हमारे कुछ लोग ऐसा क्यों करते हैं? उल्लेखनीय है कि हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी लंदन में भारत के संबंध में दिए अपने बयान को लेकर राजनीतिक सवालों के घेरे में हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमृत काल में हम सब को संकल्प लेना चाहिए कि हम भारत और भारतीयता पर गर्व करेंगे। अपने शरीर को स्वस्थ रखेंगे तथा देश और विदेश में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाएंगे। इस पर कोई आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने विश्व होम्योपैथिक दिवस की शुभकामनाएं।

देते हुए उन्होंने कहा कि हर साल 10 अप्रैल को डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक स्वास्थ्य, एक परिवार है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल केवल चिकित्सा उपचार के बारे में नहीं है, इसमें व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभ और एक समुदाय का सामाजिक और आर्थिक वातावरण शामिल है।

## अस्पताल ने दे दिया जीवित नवजात का मृत्यु प्रमाण पत्र

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के एक सरकारी अस्पताल में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां डॉक्टरों ने एक नवजात का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया जबकि वह जीवित था। उसे दफनाने की तैयारी हो रही थी तभी पता चला कि बच्चे की सांस चल रही है। घटना पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सरकारी घाटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की है। जानकारी के मुताबिक प्रसव पीड़ा के बाद मोनालिसा खातून नाम की महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### प. बंगाल में बड़ी लापरवाही आई सामने

उसने बच्चे को जन्म दिया तो डॉक्टरों ने कहा कि वह प्रीमैच्योर है। इसके बाद तीन घंटे बाद डॉक्टरों ने परिवार के लोगों का जानकारी दी कि उसकी मौत हो गई है। परिवार के लोग जब दफनाने के लिए गए तो पता चला कि उसकी सांस चल रही है। वे तुरंत फिर से बच्चे को लेकर घाटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचे लेकिन थोड़ी देर बाद बच्चे की मौत हो गई।

परिवार के लोगों का कहना है कि अगर बच्चे का इलाज किया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। बच्चे कि पिता ने कहा कि बच्चे की मौत नहीं हुई बल्कि उसकी हत्या कर दी गई है। अस्पताल की लापरवाही के चलते उसकी जान चली गई।

## विदेश में किससे और क्यों मिलते हैं राहुल?

### प्रसाद ने वीडियो क्लिप प्ले की



**पटना, (एजेंसी)।** राहुल गांधी पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने विदेशी दौरों पर अनवांटेड उद्योगपति से मुलाकात को लेकर सवाल उठाया है। साथ ही रविशंकर प्रसाद ने इसके पीछे के एजेंडा और उस व्यक्ति की पहचान उजागर करने की भी मांग की। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान रविशंकर प्रसाद ने एक वीडियो क्लिप भी प्ले की। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या राहुल गांधी भारत को कमजोर कर रहे हैं?

## पाक में बम धमाके से चार की मौत और 15 लोग हुए घायल

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के क्वेटा में सोमवार को बाजार में पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए विस्फोट में 4 लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। क्वेटा अस्पताल के प्रवक्ता वसीम बेग ने बताया कि मृतकों में एक महिला भी शामिल है, जबकि दो महिलाएं घायल हुई हैं। सीनियर पुलिस अधिकारी शफकत चीमा ने बताया कि कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक की गाड़ी कंधारी बाजार में खड़ी थी, जिसे निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि वाहन के पीछे खड़ी मोटरसाइकिल में इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाया गया था।

एसएसपी जोहैब मोहसिन बलोच ने बताया कि मृतकों में 02 पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं जो हमले के वक्त वाहन में बैठे हुए थे। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि मोटरसाइकिल में 4-5 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया, जिसे रिमोट कंट्रोल से उड़ाया गया है। मालूम हो कि 24 घंटे के भीतर पुलिस पर यह दूसरा हमला है।

## केजरीवाल के डिग्री कैंपेन को विपक्ष का झटका, शरद और जयंत ने दी नसीहत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** शराब घोटाले के आरोपों में घिरी आम आप डिग्री दिखाओ कैंपेन चला रही है। पीएम नरेंद्र मोदी की शिक्षा पर सवाल उठा रही दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी और मुखिया अरविंद केजरीवाल का अभियान भाजपा के अलावा विपक्ष को भी रास नहीं आ रहा है। कोर्ट से 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाए जाने के बावजूद डिग्री-डिग्री कर रही पार्टी को अब शरद पवार से लेकर जयंत चौधरी तक ने नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है।



इससे पहले शरद पवार के भतीजे और महाराष्ट्र के पूर्व उप सीएम अजित पवार ने भी पीएम मोदी का साथ देकर आप की मुहिम पर सवाल खड़े किए थे।

### भेद किया जा रहा पैदा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने पूछा है कि जब देश में बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और महंगाई जैसे मुद्दे हों तो क्या किसी की शैक्षणिक डिग्री क्या राजनीति का मुद्दा हो सकता है? पवार ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि क्या किसी की डिग्री राजनीतिक मुद्दा हो सकता है जब देश बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और महंगाई का सामना कर रहा हो। आज लोगों में धर्म और जाति का भेद पैदा किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दो दवाओं रेमेडिसविरऔर फेविपिरविर का इस्तेमाल बिना मंजूरी के कोविड- 19 के इलाज के लिए किया जा रहा है। साथ ही, वैध लाइसेंस के बिना इन दवाओं को बेचने के लिए 10 भारतीय दवा कंपनियों के खिलाफ सीबीआई जांच की भी मांग की गई।

### रेमडेसिविर व फेविपिराविर के इस्तेमाल के खिलाफ याचिका

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. परदीवाला की पीठ ने कहा कि इन मुद्दों की अदालत द्वारा जांच नहीं की जा सकती है और अधिवक्ता एमएल शर्मा द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।

अक्टूबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें आरोप लगाया गया कि बिना मंजूरी के कोविड-19 के इलाज के लिए रेमेडिसविरऔर फेविपिरविर का इस्तेमाल किया जा रहा है। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था और चार सप्ताह में जवाब मांगा।

## जमशेदपुर में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण, किया फ्लैग मार्च



**पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), (एजेंसी)।** जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में स्थिति तनावपूर्ण है। सोमवार की सुबह पुलिस और आरपीएफ ने इलाके में फ्लैग मार्च किया।

प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण का दावा कते हुए पूरे क्षेत्र में निषेधाज्ञा (धारा 144) लगाते मोबाइल इंटरनेट सेवा पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया है। दो समुदायों में तनाव की शुरुआत शनिवार को उस समय हुई जब शास्त्री नगर के हनुमान मंदिर के चौक पर महावीरी झंडा में बंधे मांस के टुकड़े लोगों ने देखे। उपद्रव में 100 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है व 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## लेह में केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर बोले लोगों का भाजपा पर बढ़ा विश्वास

**लेह/नई दिल्ली,(एजेंसी)।** 10 अप्रैल को लेह प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को भाजपा कार्यालय, लेह में कार्यकर्तओं से मुलाकात की। इस अवसर पर दो गांवों के अनेक लोगों ने भाजपा की सदस्यता मंत्री श्री तोमर की उपस्थिति में ग्रहण की।



लद्दाख के सांसद सेरिंग नामग्याल तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी उपस्थित थे। श्री तोमर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा के संविधान, उद्देश्य व नेतृत्व पर लेह-लद्दाख में लोगों का विश्वास बढ़ा है।

### परियोजना

### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सोनमर्ग में बन रही जोजिला टनल का किया निरीक्षण, बोले

# चंद मिनटों में पूरी हो जाएगी घंटों की दूरी

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कश्मीर के सोनमर्ग में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ज़ोजिला सुरंग के लिए चल रहे काम की समीक्षा की। यह लद्दाख को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।



उन्होंने सुरंग को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह परियोजना एक सपने को पूरा करने जैसी है जो कश्मीर घाटी को कन्याकुमारी से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 25 हजार करोड़ रुपए की लागत से 19 टनलों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 2680 करोड़ रुपए की लागत से 6.5 किमी लंबाई के जेड-मोड़ टनल एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह 2-लेन टनल कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच पहाड़ी थजीवास ग्लेशियर के नीचे बन रही है।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी घोषणा की कि जेड-मोड़ सुरंग जो गगनगीर को सोनमर्ग से जोड़ती है और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में रिसॉर्ट को सभी मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करती है। इसका उद्घाटन इस साल अक्टूबर में किया जाएगा। गडकरी ने 11,500 फीट से अधिक की ऊंचाई पर काम का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह भारत की एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण सुरंग है। सुरंग की लंबाई एशिया में सबसे अधिक मानी जाती है।सर्दियों के दौरान श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग के बंद होने से केंद्र शासित प्रदेश में नागरिक आबादी और सेना दोनों के जीवन पर बुरा असर पड़ता है।जोजिला सुरंग उस क्षेत्र के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी, जो जून 2020 से सेना और चीनी सेना के बीच लंबे समय से गतिरोध का सामना कर रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जोजिला दर्रे को पार करने के लिए औसत यात्रा समय लगभग तीन घंटे है, हालांकि, इस सुरंग के पूरा होने के बाद इसे घटाकर सिर्फ 20 मिनट कर दिया जाएगा।

## राजस्थान में 24 अप्रैल से लगेंगे महंगाई राहत कैंप

**जयपुर, (ब्यूरो)।** राज्य की जनकल्याणकारी और महंगाई से राहत दिलाने वाली योजनाओं को लेकर राज्य सरकार शहरी वार्डों से लेकर गांवों में शिविर लगाएगी। प्रदेश में 24 अप्रैल से 30 जून तक प्रशासन के गांवों/शहरों के संग अभियान के साथ-साथ महंगाई राहत कैंप आयोजित होंगे। आमजन और वंचित वर्ग को जनोपयोगी घोषणाओं की जानकारी देकर पात्रता अनुसार योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

### मौके पर पंजीकरण से मिलेंगे लाभ

पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रशासन गांवों के संग अभियान तथा नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान आयोजित होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों की 11283 ग्राम पंचायतों में प्रशासन गांवों के संग अभियान और शहरी 7500 वार्डों में प्रशासन शहरों के संग अभियान के 02 दिवसीय शिविरों का आयोजन होगा।

इन शिविरों में महंगाई राहत कैंप के विशेष काउंटर भी लगाए जाएंगे। प्रदेश में 2000 स्थानों पर स्थाई महंगाई राहत कैंप लगाए जाएंगे।

# रोमांचक मैच में अंतिम गेंद पर लखनऊ जायंट्स विजयी

## आईपीएल: बेंगलुरु को एक विकेट से हराया

बेंगलुरु। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्कस स्टॉयनिस (30 गेंद, 65 रन) और निकोलस पूरन (19 गेंद, 62 रन) की बेबाक बल्लेबाजी की बदौलत सांस रोक देने वाले आईपीएल मुकाबले में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक विकेट से मात दी। सुपरजायंट्स को आखिरी ओवर में पांच रन चाहिए थे। हर्षल पटेल ने इस ओवर की पांच गेंदों पर दो बल्लेबाजों को आउट करने के साथ सिर्फ चार रन दिए। सुपरजायंट्स को आखिरी गेंद पर एक रन की जरूरत थी। आवेश खान इस गेंद को बल्ले से नहीं मार सके, लेकिन विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक की गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने एक रन लेकर सुपरजायंट्स को जीत दिला दी। आरसीबी ने शीर्ष क्रम के प्रहार की मदद से सुपरजायंट्स के सामने 213 रन का लक्ष्य रखा, जिसे सुपरजायंट्स ने आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ के सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा (नौ) और क्रुणाल पांड्या (शून्य) जल्द ही पवेलियन लौट गए। दूसरे छोर से केएल राहुल को भी संघर्ष करना पड़ा और लखनऊ पावरप्ले में 37 रन ही जोड़ सकी। सुपरजायंट्स को जब 13 ओवर में 170 रन चाहिये थे तब स्टॉयनिस ने जोखिम उठाते हुए आक्रामक बल्लेबाजी शुरू की। स्टॉयनिस ने 30 गेंद पर 65 रन की पारी खेल डाली। लखनऊ पलक झपकते ही 10 ओवर में 91 रन के स्कोर पर पहुंच गयी। स्टॉयनिस के आउट होने के बदा पूरन ने अपनी दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाकर अपनी अविश्वसनीय पारी का आगाज कर दिया। वामहस्त पूरन ने आयुष बदोनी के साथ छठे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। सुपरजायंट्स को चार ओवर में मात्र 28 रन चाहिए थे लेकिन इस मैच में दो और अहम मोड़ आए। सिराज ने अपने स्पेल के आखिरी ओवर में पूरन को आउट कर दिया, जबकि आयुष बदोनी 30 रन बनाने के बाद हिटविकेट आउट हो गए। इस ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बीच सिराज ने चार ओवर में मात्र 22 रन देकर तीन विकेट लिए। पर्नेल को भी तीन सफलताएं हासिल हुईं, हालांकि उनके चार ओवर में सुपरजायंट्स ने 41 रन जोड़े।



### बेंगलुरु के लिए कोहली, मैक्सवेल और डु प्लेसिस ने जड़े अर्धशतक

कोहली और डु प्लेसिस ने तेज बल्लेबाजी की और पावरप्ले में 56 रन जोड़ लिए। कोहली ने 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। डु प्लेसिस और कोहली के बीच पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी हुई, हालांकि पावरप्ले के बाद रनगति धीमी पड़ गयी और कोहली 61 रन पर अमित मिश्रा का शिकार हो गये। इसके बाद मैक्सवेल और डु प्लेसिस ने दूसरे विकेट के लिए 57 गेंद में 115 रन की साझेदारी की। जिसमें मैक्सवेल ने 29 गेंद पर तीन चौकों और छह छक्कों सहित 59 रन का योगदान दिया। मैक्सवेल 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए, जबकि डु प्लेसिस 46 गेंद पर पांच चौकों और पांच छक्कों के साथ 79 रन बनाकर नाबाद रहे। वुड ने अपने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया।

### पूरन ने जड़ा सीजन का सबसे तेज अर्धशतक

लखनऊ के निकोलस पूरन तूफानी बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में सीजन को सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। इससे पहले अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था। वहीं शार्दुल ठाकुर ने 20 गेंद में फिफ्टी जड़ी थी।

### डु प्लेसिस के 3500 रन पूरे

बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने आईपीएल में अपने 3500 रन पूरे किए। वह ऐसा करने वाले आईपीएल इतिहास में 18वें बल्लेबाज गए हैं। लखनऊ के खिलाफ एक रन बनाते ही डु प्लेसिस ने यह उपलब्धि हासिल कर ली। सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड कोहली (6,788) के नाम है। प्लेसिस ने टी-20 क्रिकेट में 300 छक्के भी पूरे कर लिए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कोहली कै. स्टॉयनिस बो. मिश्रा | 61 | 44 | 4/4 |
| फाफ डु प्लेसिस नाबाद | 79 | 46 | 5/5 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो. वुड | 59 | 29 | 3/6 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त: 12, कुल:** 20 ओवर में दो विकेट पर 212 रन **विकेट पतन:** 1-96, 2-211, **गेंदबाजी:** जयदेव उनादकट 2-0-27-0, आवेश खान 4-0-53-0, क्रुणाल पंड्या 4-0-35-0, मार्क वुड 4-1-32-1, रवि बिश्नोई, 4-0-39-0, अमित मिश्रा 2-0-18-1,

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| काइल मेयर्स बो. सिराज | 00 | 03 | 0/0 |
| राहुल कै. कोहली बो. सिराज | 18 | 20 | 1/0 |
| हुड्डा कै. कार्तिक बो. पर्नेल | 09 | 10 | 1/0 |
| क्रुणाल कै. कार्तिक बो. पर्नेल | 00 | 02 | 0/0 |
| स्टॉयनिस कै. शाहबाज बो. कर्ण | 65 | 30 | 6/5 |
| पूरन कै. शाहबाज बो. सिराज | 62 | 19 | 4/7 |
| आयुष बदोनी हिट विकेट बो. पर्नेल | 30 | 24 | 4/0 |
| उनादकट कै. डु प्लेसिस बो. हर्षल | 09 | 07 | 1/0 |
| मार्क वुड बो. हर्षल | 01 | 02 | 0/0 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 03 | 02 | 0/0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त: 16, कुल:** 20 ओवर में नौ विकेट पर 213 रन **विकेट पतन:** 1-1, 2-23, 3-23, 4-99, 5-105, 6-189, 7-206, 8-209, 9-212 **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 4-0-22-3, डेविड विली 4-0-32-0, वेन पर्नेल 4-0-41-3, हर्षल पटेल 4-0-48-2, कर्ण शर्मा 3-0-48-1, शाहबाज अहमद 1-0-15-0,

### आईपीएल 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| लखनऊ | 04 | 03 | 01 | 06 | 1.048 |
| राजस्थान | 03 | 02 | 01 | 04 | 2.067 |
| कोलकाता | 03 | 02 | 01 | 04 | 1.375 |
| गुजरात | 03 | 02 | 01 | 04 | 0. 431 |
| चेन्नई | 03 | 02 | 01 | 04 | 0.356 |
| पंजाब | 03 | 02 | 01 | 04 | -0.281 |
| बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.800 |
| हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 02 | -1.502 |
| मुंबई | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.394 |
| दिल्ली | 03 | 00 | 03 | 00 | -2.092 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | पारी | रन |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन | पंजाब | 03 | 225 |
| ऋतुराज | चेन्नई | 03 | 189 |
| डु प्लेसिस | बेंगलुरु | 03 | 175 |
| विराट कोहली | बेंगलुरु | 03 | 164 |
| डेविड वॉर्नर | दिल्ली | 03 | 158 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | पारी | विकेट |
|---|---|---|---|
| मार्क वुड | लखनऊ | 03 | 09 |
| युजवेंद्र चहल | राजस्थान | 03 | 08 |
| राशिद खान | गुजरात | 03 | 08 |
| अर्शदीप सिंह | पंजाब | 03 | 06 |
| अल्जारी | गुजरात | 03 | 06 |

## शिखर धवन की पारी सर्वश्रेष्ठ टी-20 पारियों में से एक: लारा

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा ने उनकी टीम के खिलाफ पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन की पारी को अब तक की सर्वश्रेष्ठ टी20 पारियों में से एक बताया। लारा ने कहा, मुझे शिखर धवन की तारीफ करनी चाहिए। मुझे लगता है कि मैंने टी20 क्रिकेट में अब तक जो भी बेहतरीन पारियां देखी हैं, यह उनमें से एक है'। पंजाब के नौ विकेट 88 रन पर गिरने के बाद धवन ने अंतिम पांच ओवर खुद खेले और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लारा ने कहा, 'जिस तरह से उन्होंने पारी को आगे बढ़ाया और खेल को पूरी तरह से नियंत्रित किया वह लाजवाब था।

## आईपीएल: मुंबई और दिल्ली को पहली जीत की तलाश



नई दिल्ली। डेविड वॉर्नर की दिल्ली कैपिटल्स और रोहित शर्मा की कप्तानी वाली पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस मंगलवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम पर उतरते हुए आईपीएल के 2023 सीजन में अपनी पहली जीत की तलाश करेगी। मुंबई को उसके शुरुआती दो मुकाबलों में हार मिली है, लेकिन उसके कुछ खिलाड़ी अलग-अलग समय पर अच्छा प्रदर्शन करते नजर आए हैं। दूसरी ओर, दिल्ली हार की हैट्रिक लगा चुकी है और उसके सामने खराब फॉर्म और चोट से जुड़ी चिंताओं का अंबार लगा हुआ है।

सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अब तक के तीन मैचों में तेज गेंदबाजों को पढ़ने में असफल रहे हैं। उनके जोड़ीदार डेविड वॉर्नर ने तीनों मैचों में अर्धशतक जमाए हैं, लेकिन उनका खराब स्ट्राइक रेट दिल्ली की हार का एक कारण ही बन सका है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले मिचेल मार्श निजी कारणों से कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। दिल्ली ने पिछले मैच में उनके स्थान पर मनीष पांडे को बल्लेबाजी के लिए उतारा लेकिन वह भी कुल शून्य रन का योगदान ही दे सके। मध्य ओवरों में रन गति बढ़ाना दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता रही है। फ्रेंचाइजी से इसी सीजन जुड़े राइली रूसो अब तक कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके हैं। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने गुजरात टाइटन्स के विरुद्ध पदार्पण करते हुए आक्रामकता दिखाई थी, हालांकि उन्हें विकेट पर थोड़ा और समय बिताना होगा। दिल्ली के बल्लेबाज जहां बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे हैं, वहीं गेंदबाज भी विपक्षी टीम पर दबाव नहीं बना सके हैं। दिल्ली भले ही मध्य ओवरों में रनगति पर किसी तरह लगाम लगा भी ले, अंतिम ओवरों में उसकी गेंदबाजी की कमजोरियां जाहिर हो ही जाती हैं। तेज गेंदबाज खलील अहमद मांसपेशी की चोट के कारण मुंबई के खिलाफ मुकाबले से बाहर रह सकते हैं। अगर खलील मैच से पहले पूरी तरह फिट नहीं होते, तो दिल्ली उनके स्थान पर चेतन सकारिया को एकादश में शामिल कर सकती है।

### मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को करना होगा संयुक्त रूप से प्रदर्शन

दूसरी ओर, आईपीएल 2020 में अजेय लगने वाली मुंबई पिछले तीन सीजन से प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी है। जसप्रीत बुमराह का चोटग्रस्त होना उनके लिए पहले ही बड़ी चिंता थी, जोफ्रा आर्चर भी कोहनी की समस्या के कारण टूर्नामेंट के कुछ हिस्से से बाहर रह सकते हैं। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म के कारण मुंबई की बल्लेबाजी काफी हद तक तिलक वर्मा पर निर्भर है। अगर मुंबई अरुण जेटली स्टेडियम पर जीत दर्ज करके दो अंक हासिल करना चाहती है, तो उसके बल्लेबाजों को संयुक्त रूप से प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के कोच रिकी पॉन्टिंग ने राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध हार के बाद कहा था कि उनकी टीम को आत्ममंथन की जरूरत है।

## एटलेटिको मैड्रिड की लगातार पांचवीं जीत

### ला लिगा में वालेकानो को 2-1 से हराया



मैड्रिड। एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा लीग में रायो वालेकानो को 2-1 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। एलेटिको की यह 11 मैच में नौवीं जीत है। इस जीत के बाद एटलेटिको मैड्रिड अंक तालिका में दूसरे पायदान पर काबिज रीयाल मैड्रिड से अब सिर्फ दो अंक पीछे है।

एटलेटिको के लिए पहले हाफ में नेहुएल मोलिना ने 22वें मिनट में गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दो मिनट बाद मारिये हरमोसो ने दूसरा गोल दागकर बढ़त को दोगुना कर दिया। रियो के लिए फ्रान गार्सिया ने 85वें मिनट में गोल दागा, लेकिन रियो की टीम दबाव के बाद जीत हासिल करने में नाकाम रहीं। 62वें मिनट फ्लोरियन लेजेयुन को रेड कार्ड मिलने के बाद रायो को उनके बिना शेष मैच खेलना पड़ा। रीयाल मैड्रिड को घरेलू मैदान पर विलारीयाल के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। गिरोना से भिड़ने वाले बार्सीलोना ने शीर्ष पर मजबूत बढ़त बना रखी है। टीम मैड्रिड से 12 जबकि एटलेटिको से 14 अंक आगे है।

### लिवरपूल ने आर्सेनल को ड्रॉ पर रोका

लिवरपूल के होमग्राउंड एनफील्ड स्टेडियम में इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आर्सेनल को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया। इस ड्रॉ के बाद खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे चल रही आर्सेनल को बड़ा झटका लगा है। हालकि आर्सेनल 30 मैचों में 73 अंक के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर मौजूद हैं। वहीं, दूसरे पायदान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी के 29 मुकाबलों में 67 अंक हैं। आर्सेनल के आठ मैच बचे हैं। आर्सेनल के मैच में गैब्रियल मार्टिनेली ने आठवें और गैब्रियल जेसुस ने 28वें मिनट में गोल किया।

## जेब्युर बनीं चार्ल्सटन ओपन चैंपियन



चार्ल्सटन। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब जीता।

यह उनके करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब भी हैं। जेब्युर ने फाइनल मुकाबले में बेंलिंडा बेनसिच को सीधे सेट में 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। जेब्युर ने इसके साथ ही पिछले साल फाइनल में बेनसिच के खिलाफ इसी टूर्नामेंट के फाइनल में तीन सेट में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। इस हार के साथ चार्ल्सटन में बेनसिच का लगातार 10 मैच में जीत का सिलसिला भी रोक दिया। जीत के बाद उन्होंने काहा, मुझे खुशी है कि मैं अपनी लय पा रही हूं और मुझे उम्मीद है कि मेरा शरीर मुझे ओर खेलने की अनुमति देगा।

## ब्रेक के बाद क्ले कोर्ट पर दिखेंगे नोवाक जोकोविच

### मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा



मोंटे कार्लो। पिछले महीने अमेरिका में खेल से चूकने के बाद, नोवाक जोकोविच 11 अप्रैल से शुरू हो रहे मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत के साथ क्ले कोर्ट में वापसी करना चाहेंगे।

एटीपी रैंकिंग में विश्व के नबंर वन खिलाड़ी जोकोविच ने मार्च की शुरुआत में दुबई में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से टेनिस नहीं खेला है। कोविड का टीका नही लेने के चलते अमेरिका में उन्हें इंडियन वेल्स और मयामी, दोनों एटीपी 1000 मास्टर्स इवेंट में प्रवेश नहीं मिला। जोकोविच ने अपने प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं पिछले वर्षों की तुलना में क्ले सीजन को बेहतर तरीके से शुरू कर सकता हूं और अपना फॉर्म बना सकता हूं। सर्बियाई दिग्गज को पिछले दो वर्षों में मोंटे कार्लो में ज्यादा सफलता नहीं मिली है और पिछले साल शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे। जोकोविच मोंटे-कार्लो कंट्री क्लब को प्रशिक्षण के रूप में उपयोग करते हैं और यहां प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्साहित हैं।

## एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन पदक

**अस्ताना।** भारत ने एशियाई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता) के पहले दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर आयोजन की शुरुआत की है। रूपिन ने रविवार को शुरु हुई प्रतियोगिता के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में और सुनील कुमार ने 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीते। रूपिन को स्वर्ण पदक के लिये ईरान के दाद मर्ज का सामना करना था। जगरेब ओपन चैंपियन मर्ज ने 3-1 से जीत दर्ज करके स्वर्ण हासिल किया। इससे पूर्व, रूपिन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 के रजत पदक विजेता कजाकिस्तान की अमंगली बेकबोलातोव को क्वॉर्टर फाइनल में मात दी थी। सेमीफाइनल में रूपिन ने चीन के हैफेंग झांग को 3-1 से हराया था। दूसरी ओर, नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में कोरिया के जिनसेब सोंग को 5-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय के लिए दूसरा कांस्य सुनील कुमार ने जीता। जिन्होंने 87 किग्रा वर्ग में जापान के मासाटो सुमी को 4-1 से शिकस्त दी।

## आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बांग्लादेश की टीम का हिस्सा नहीं होंगे तस्कीन अहमद

**ढाका।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ 9 मई से काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में साइड स्ट्रेन के कारण चूक गए थे। तस्कीन की जगह बाएं हाथ के बल्लेबाज मृत्युंजय चौधरी ने ली है, जबकि स्पिनर तैजुल इस्लाम भी नासुम अहमद की जगह मिली। मृत्युंजय ने लिस्ट ए प्रतियोगिता में 17 विकेट और बांग्लादेश प्रीमियर लीग के पिछले दो संस्करणों में 23 विकेट लिए थे। यह सीरीज सुपर लीग विश्वकप सुपर लीग का हिस्सा हैं। बांग्लादेश को वनडे विश्वकप 2023 में क्वॉलीफाई करने के लिए सीरीज के तीनों मैच जीतने होंगे। **बांग्लादेश वनडे टीम:** तमीम इकबाल (कप्तान), लिटन दास, रोनी तालुकदार, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हिरदॉय, शाकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम, यासिर अली, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, एबादत हुसैन, शोरफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, मृत्युंजय चौधरी।

## गुकेश ने जीता आर्मेगेडोन एवं ओसियाना इवेंट का खिताब

**बर्लिन।** 16 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज आर्मेगेडोन एशिया एवं ओसियाना इवेंट का खिताब जीता।

गुकेश ने फाइनल में पूर्व विश्व रेपिड चैंपियन उज्बेकिस्तान के नादिरबेक अब्दुसतारोव को शिकस्त दी। गुकेश ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में जीत दर्ज की। पहली बाजी में चूकने के बाद गुकेश को दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने अतिरिक्त मौके का इस्तेमाल करते हुए अब्दुसतारोव के खिलाफ मुकाबले को दोबारा शुरू कराया। नए मुकाबले की पहली बाजी ड्रॉ रही लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर अगली बाजी जीतकर चैंपियन बना। गुकेश और अब्दुसतारोव दोनों को सितंबर में होने वाले आर्मेगेडोन ग्रैंड फिनाले में जगह मिली। इस टूर्नामेंट में गुकेश और अब्दुसतारोव के अलावा पूर्व विश्व क्लासिकल चैंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक, डेनिल डुबोव, चीन के यांगयी यू, भारत के विदित गुजराती और कार्तिकेयन मुरली तथा ईरान के परम माघसोदलो जैसे खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे। गुकेश ने जीत के बाद ट्वीट किया, विश्व शतरंज की आर्मेगेडोन चैंपियनशिप सीरीज 2023 का रोमांचक एशिया ओसियाना ग्रुप जीतने की खुशी है। पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने इस युवा ग्रैंडमास्टर की उपलब्धि की सराहना की।आनंद ने ट्वीट किया, डी गुकेश को बधाई। शानदार उपलब्धि विशेषकर अलग तरह के समय नियंत्रण को देखते हुए। गर्व है कि वाकाचेस के हमारे शिष्य ने हमें एक बार फिर गौरवांवित किया।

## हिमाचल की खूबसूरत वादियों में बना रहे हैं घूमने का प्लान, तो इस अद्भुत जगह की जरूर करें सैर

हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती से तो सभी वाकिफ हैं। हिमाचल प्रदेश की गोद में कई अद्भुत, खूबसूरत और अनसुनी जगहें मौजूद हैं। यहां की खूबसूरती में पर्यटक आसानी से खो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश की यह जगहें भारतीय सैलानियों को जन्नत का एहसास कराते हैं। इसीलिए हर साल हिमाचल की हसीन पहाड़ों में देश और विदेश के पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर घूमने के बाद आपका मन तृप्त हो उठेगा। हिमाचल की हसीन वादियों में एक ऐसी जगह मौजूद है जो कांगड़ा से भी अधिक मनमोहक है। जोगिंदर नगर में घूमने के लिहाज से बेहतरीन और मनमोहक जगह है। इस शहर में जोगिंदर वैली की खूबसूरती देख आप हैरान रह जाएंगे। छोटे-बड़े पहाड़ों के बीच से नदी बहती रहती है। इसके अलावा आपको यहां पर साइड-साइड पर घने जंगल और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ देखने को मिलेंगे। इसके साथ ही देवदार के पेड़ इस जगह की खूबसूरती को और बढ़ाने का काम करती है। एडवेंचर प्रेमियों के लिए भी यह जगह बेस्ट है। यहां पर आप ट्रैकिंग के साथ ही खूबसूरत नजारों को देख कर आनंदित हो उठेंगे। नदी के किनारे का सूर्योदय और सूर्यास्त का नाजार देखने लायक होता है। बता दें कि यह जगह गर्मियों में आने के लिए बेस्ट है। भीषण गर्मी में भी यहां का टेंपरेचर काफी कम रहता है। जोगिंदर नगर में आप मछियाल झील का भी लुत्फ उठा सकते हैं। मछियाल झील यहां की महत्वपूर्ण झील है। यह झील लोगों की आस्था का प्रतीक है। कहा जाता है कि यह झील मछलियों के देवता मछिन्द्रनाथ को समर्पित है। इस झील के पास भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार का मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। इस मंदिर की अपनी मान्यता है। इस मंदिर और झील को देखने के लिए यहां पर दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। इस झील और मंदिर के पास बैसाखी के दिन तीन दिनों का मेला भी लगता है। अगर आप भी हसीन मौसम के बीच खूबसूरत पार्क घूमने का मजा लेना चाहते हैं तो जोगिंदर नगर में मौजूद डीयर पार्क इंस्टीट्यूट बेस्ट ऑप्शन है। पहाड़ी की चोटी पर होने के कारण यह पार्क यहां रहने वाले लोगों के बीच काफी फेमस है। अगर आप भी भीषण गर्मी से बचना चाहते हैं तो यहां पर आ सकते हैं। भीषण गर्मी में भी यहां का तापमान माइनस में रहता है। डीयर पार्क इंस्टीट्यूट में स्प्रिंग सीजन में हजारों किस्म के फूलों को देख सकते हैं।

# बीसीसीआई ने घरेलू सीजन का शेड्यूल किया जारी

## तीन साल बाद होगी देवधर ट्रॉफी की वापसी

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट का 2023-24 घरेलू सीजन का शेड्यूल सोमवार को जारी किया। घरेलू सत्र दिलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट के साथ 28 जून से शुरू होगा जबकि रणजी ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पांच जनवरी से होगा। इस दौरान दलीप ट्रॉफी छह क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाएगी। कोरोना काल की वजह से देवधर ट्रॉफी का पिछले तीन साल से आयोजन नहीं हुआ है। देवधर ट्रॉफी लिस्ट ए टूर्नामेंट इस बार 24 जुलाई से 3 अगस्त, ईरानी कप, एक से 5 अक्टूबर, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी पुरुषों की टी-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप 16 अक्टूबर से 6 नवंबर और विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी 23 नवंबर-दिसंबर 15 का आयोजन होगा। पुरुषों के सीनियर वर्ग में रणजी ट्रॉफी सत्र का आखिरी टूर्नामेंट होगा। इसके एलीट ग्रुप के लीग चरण के मैच पांच जनवरी से 19 फरवरी के बीच खेले जायेंगे जबकि नॉकआउट चरण का आयोजन 23 फरवरी से 14 मार्च तक होगा। यह टूर्नामेंट 70 दिन तक चलेगा। प्लेट ग्रुप के लीग मैच पांच जनवरी से पांच फरवरी के बीच जबकि नॉकआउट चरण नौ से 22 फरवरी तक खेला जाएगा। एलीट वर्ग में चार ग्रुप में आठ-आठ टीमें होंगी जिसमें से हर ग्रुप की शीर्ष की दो-दो टीमें क्वॉर्टर फाइनल के लिए क्वॉलीफाई करेंगी। प्लेट ग्रुप में छह में से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वॉलीफाई करेंगी। प्लेट ग्रुप के फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमें आगामी सत्र (2024-25) में एलीट ग्रुप में शामिल होंगी। एलीट ग्रुप की 32 टीमों की समग्र तालिका में आखिरी दो स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेट ग्रुप में खिसक जायेंगी।

### टी-20 चैंपियनशिप से होगी महिला सत्र की शुरुआत

सीनियर महिला सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप के साथ होगी जो 19 अक्टूबर से नौ नवंबर के बीच खेली जाएगी, इसके बाद अंतर क्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी 24 नवंबर से चार दिसंबर तक खेली जाएगी। सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी का आयोजन चार से 26 जनवरी के बीच होगा। सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी और वनडे ट्रॉफी में पांच ग्रुप होंगे। इसमें दो ग्रुप में आठ-आठ टीमें जबकि बाकी के तीन ग्रुप में सात-सात टीमें होंगी हर ग्रुप की शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाली टीमें नॉकआउट के लिए क्वॉलीफाई करेंगी। ग्रुप मैचों के बाद इन 10 टीमों में से शीर्ष छह टीमें क्वॉर्टर फाइनल के लिए क्वॉलीफाई करेंगी जबकि आखिरी की चार टीमों को अंतिम आठ में जगह के लिए प्री-क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला खेलना होगा।

### बीसीसीआई पदाधिकारियों के यात्रा भत्ते में इजाफा

बीसीसीआई के पदाधिकारी को अब विदेश दौरों पर रोजाना एक हजार डॉलर का भत्ता मिलेगा और वह प्रथम श्रेणी में यात्रा कर सकेंगे। बीसीसीआई के पदाधिकारियों के भत्ते में इजाफे के प्रस्ताव को शीर्ष परिषद की स्वीकृति मिली। सात साल से अधिक समय बाद दैनिक भत्तों में इजाफा हुआ है। इससे पहले दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारियों को विदेश दौरे पर प्रति दिन 750 डॉलर मिलते थे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव सहित पदाधिकारियों को भारत में बैठक के लिए 40 हजार रुपए प्रतिदिन और बिजनेस क्लास में सफर की सुविधा मिलेगी। काम के सिलसिले में यात्रा के लिए उन्हें प्रतिदिन 30 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा।

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ को मिलेगा लंबा अनुबंध:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ को अब से दीर्घकालीन अनुबंध मिलेंगे। बीसीसीआई ने तदर्थ रूप से उनकी नियुक्ति करने के चलन को खत्म करने का फैसला किया है। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार मुख्य कोच का चयन क्रिकेट सलाहकार समिति को करना होता है जबकि चयनकर्ता सहयोगी स्टाफ को चुनते हैं।

दुनिया की ऑल टाइम ब्यूटीफुल मानी जाने वाली हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो हमेशा रेड लिपस्टिक ही लगाती थीं। इसी से रेड लिपस्टिक के इंपैक्ट को समझा जा सकता है। रेड लिपस्टिक किन स्पेशल क्वालिटीज की वजह से हर किसी को अट्रैक्ट करती है, आप भी जरूर जानना चाहेंगी।

# हर ऑकेजन-ड्रेस पर परफेक्ट रेड लिपस्टिक



मेकअप / नीलोफर

चाहे शाम की पार्टी में जाना हो, चाहे कुलीग्स के साथ मीटिंग में शामिल होना हो या फिर किसी शादी-ब्याह के फंक्शन को अटेंड करना हो। रेड लिपस्टिक का जादू हर मौके पर दिखता है। रेड लिपस्टिक, हर तरह के फेस पर भी सूट करती है। सिर्फ चेहरे को ही नहीं हर किस्म के आउटफिट को भी यह सपोर्ट करती है। चाहे आप रेड गाउन पहनें, चाहे ट्रेडिशनल साड़ी पहनें या फिर वेस्टर्न आउटफिट ही क्यों ना कैरी करें। रेड लिपस्टिक, आपकी हर ड्रेस के साथ मैच करती है।

### ईजिली दे अट्रैक्टिव लुक

अगर आप ऑफिस जाने के लिए लेट हो रही हैं, मेकअप करने का टाइम नहीं है तो सिर्फ रेड लिपस्टिक लगा लीजिए, आपका लुक आकर्षक दिखने लगेगा। किसी मीटिंग में शामिल होना है जल्दी-जल्दी चेहरे पर बीबी क्रीम लगा लें, आंखों में हल्का काजल और होंठों पर रेड लिपस्टिक। बस इतने से ही आपको सोबर लुक मिल जाएगा। रेड लिपस्टिक की बात ही कुछ अलग होती है। इस लिप कलर में आपकी खूबसूरती कई गुना तक बढ़ जाती है। इसलिए आपके मेकअप किट में यह रेड लिपस्टिक जरूर होनी चाहिए।



### हर स्किन टोन पर करती है सूट

रेड लिपस्टिक की एक बड़ी खासियत यह है कि सभी तरह की स्किन टोन पर यह सूट करती है। रेड लिपस्टिक लगाने से चेहरे पर अपने आप एक ब्राइटनेस और चार्म दिखने लगता है। आप यंग और एनर्जेटिक नजर आती हैं। रेड लिपस्टिक से आपके मोती जैसे सफेद दांत और अच्छे दिखने लगते हैं। दरअसल, ज्यादातर रेड लिपस्टिक, ब्लू अंडरटोन शेड्स के साथ आती हैं, इसलिए ये दांतों को ज्यादा ब्राइट और व्हाइट लुक प्रदान करती हैं। लेकिन अगर आपने पहले रेड लिपस्टिक ट्राय नहीं किया है तो शुरुआत ब्रिक रेड कलर की लिपस्टिक से करनी चाहिए। यह लिपस्टिक आपको यंगर लुक देती है। यही नहीं यह शेड हर उम्र की महिलाओं पर भी सूट करता है। इसलिए किसी भी उम्र की महिलाएं रेड लिपस्टिक बेझिझक अप्लाई कर सकती हैं।

### दूर हो जाती है डार्कनेस

चेहरे की सुंदरता निखारने में होंठों का खास रोल होता है। लेकिन कुछ कारणों से कई बार होंठ काले हो जाते हैं या उनमें एक खास तरह की डार्कनेस दिखने लगती है। रेड लिपस्टिक ना सिर्फ इस डार्कनेस को पल भर में गायब कर देती है, बल्कि रेड लिपस्टिक के एक ही स्ट्रोक से होंठों पर नई ताजगी-निखार भी आ जाता है। दूसरे शेड्स की तुलना में रेड लिपस्टिक होंठों की डार्कनेस को बहुत अच्छी तरह से छिपाती है। सबसे बड़ी बात तो यह होती है कि जहां दूसरे शेड्स कुछ देर में फीके नजर आने लगते हैं, वहीं रेड लिपस्टिक देर तक लगी रहने के बाद भी फीकी नजर नहीं आती। रेड लिपस्टिक में मैट फिनिश से लेकर मैटेलिक तक कई स्टनिंग शेड्स आपको मिल जाएंगे।

### दूसरों को करती है अट्रैक्ट

मेकअप एक्सपर्ट्स के अनुसार अट्रैक्टिव दिखने की चाहत रखने वाली महिलाओं का मेकअप किट तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक उसमें रेड लिपस्टिक के ग्लैम शेड्स ना हों। दरअसल, रेड लिपस्टिक सिर्फ बाहर से ही आपको आकर्षक बनाने का काम नहीं करती बल्कि यह दिमाग में केमिकल रिएक्शन भी करती है। रेड लिपस्टिक देखते ही दूसरे लोगों के दिमाग में एक खास तरह का हार्मोन रिलीज होता है और वे इस रंग की तरफ आकर्षित हो जाते हैं। इसकी वजह यही है कि रेड लिपस्टिक आपके ओवरऑल मेकअप लुक को परफेक्ट बनाती है। *



फिटनेस फंडा / नेहा जोशी

# रेग्युलर एक्सरसाइज के साथ बैलेंस्ड डाइट भी है जरूरी



इन दिनों एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'दूसरी मां' में लीड रोल में नेहा जोशी नजर आ रही हैं। एक्टिंग पर कंसंट्रेट करने के साथ वे अपनी हेल्थ-फिटनेस को लेकर भी एलर्ट रहती हैं। क्या है उनके फिट-एनर्जेटिक दिखने का सीक्रेट, जानिए उन्हीं की जुबानी।


मेरा मानना है, इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी स्लिम या हैवी हैं, आपका वेट कम है या ज्यादा? फिटनेस चार बातों (स्ट्रेंथ, स्टेमिना, फ्लेक्सिबिलिटी और एनडूरेंस) से तय होती है। जब हम फ्रेश और एनर्जेटिक फील करते हैं तो दिन भर के काम से शरीर और दिमाग कितना भी थका हो, थोड़े टाइम के बाद रिकवर हो जाता है। मेरे लिए फिटनेस का मतलब एनर्जेटिक, कामनेस और हैप्पी फील करना है।

**एक्सरसाइज शेड्यूल:** मैं शुरू से फिटनेस फ्रीक नहीं रही हूं। मेरे पापा इसके लिए मुझे सालों से कहते रहे हैं कि एक्सरसाइज करो, योगा करो, पर मैं वर्कआउट के लिए लेजी रहा करती थी। लेकिन लॉकडाउन में जब चौबीस घंटे हम सब घर पर रहते थे, तब वर्कआउट की बहुत जरूरत महसूस हुई, क्योंकि एक तो कहीं आना-जाना नहीं था और मेंटली पीस के लिए एक फोकस होना भी जरूरी था। तभी मैंने ऑनलाइन क्लास ज्वॉइन किया और 'दूसरी मां' सीरियल की शूटिंग शुरू होने से पहले मैं रेग्युलर करीब डेढ़ साल ऑनलाइन योगा क्लास लेती रही थी। मेरी एक घंटे की क्लास हफ्ते में पांच दिन होती थी। अब एक्सरसाइज के लिए रेग्युलर टाइम निकालना मुश्किल होता है लेकिन फिर भी पूरी कोशिश करती हूं कि वीक में कम से कम चार दिन योगा जरूर करूं। अगर ज्यादा टाइम नहीं मिलता तो सूर्य नमस्कार और स्ट्रेचिंग जरूर कर लेती हूं।



**कंसिस्टेंसी है जरूरी :** मुझे लगता है कि फिटनेस ही नहीं किसी भी काम में अच्छा रिजल्ट पाने के लिए कंसिस्टेंसी बहुत जरूरी है। चाहे आप 30 मिनट ही स्ट्रेचिंग या सूर्य नमस्कार करें, रेग्युलर करने से आप कभी लो एनर्जी फील नहीं करेंगी। रेग्युलर वर्कआउट करने से छोटी-छोटी वजहें आपको बीमार नहीं कर सकती हैं, जैसे-मौसम का बदलाव। कंसिस्टेंसी के साथ वर्कआउट करने के ये एक्सट्रा बेनिफिट्स होते हैं।

**डाइट भी होनी चाहिए बैलेंस्ड :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हेल्दी-फिट रहने के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज के साथ बैलेंस्ड डाइट लेना भी जरूरी है। आप बहुत वर्कआउट कर रही हों, लेकिन सही तरीके और सही समय पर न्यूट्रिशस डाइट नहीं ले रही हैं तो आपका वर्कआउट मनचाहा रिजल्ट नहीं देगा। मुझे लगता है कि हमारा भारतीय खाना जिसमें दाल, चावल, रोटी, सब्जी, रायता, सलाद होते हैं, बैलेंस्ड डाइट है।



**मेंटल फिटनेस भी है जरूरी :** मुझे लगता है कि फिटनेस का रिलेशन बॉडी, फिगर या वेट से भी ज्यादा मन से होता है। इसलिए कंप्लीट फिटनेस के लिए बॉडी वर्कआउट के साथ ही दिमाग और मन का वर्कआउट भी करना चाहिए। अगर आप डिस्टर्ब हैं तो डॉक्टर के पास जाना चाहिए या किसी करीबी से बात शेयर करके मन को हल्का करना चाहिए। शरीर की तरह मन का हेल्दी होना भी बहुत जरूरी है। मेंटल हेल्थ ही बॉडी को हेल्दी रखता है। इसलिए बॉडी की तरह ही माइंड पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। *

प्रस्तुति : सहेली फीचर्स


डाइट सजेशन / राजकुमार 'दिनकर'

# अपनी डाइट में करें शामिल न्यूट्रिशस फूड आइटम्स



बेहतर तो यही है कि अपना डाइट प्लान किसी डॉक्टर या न्यूट्रिशनिस्ट से ही तैयार करवाएं। लेकिन अगर खुद न्यूट्रिशस फूड्स सेलेक्ट कर रही हैं तो यहां दी जा रही सलाह आपके लिए बहुत यूजफुल हो सकती है।

हममें से अधिकतर लोग फलों, सब्जियों या किसी फूड आइटम के भीतरी गुणों को जानने के बजाय, सुंदर दिखने वाले या अपनी पसंद के आधार पर उन्हें खाते-पीते हैं। डाइट एक्सपर्ट्स और डॉक्टर्स के अनुसार अच्छी हेल्थ के लिए डाइट को लेकर ऐसी सोच ठीक नहीं है। किसी भी फल, सब्जी या फूड आइटम को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते समय उसके रूप-रंग के बजाय न्यूट्रिशन वैल्यू यानी पौष्टिकता का सबसे अधिक ध्यान रखना चाहिए। कुछ न्यूट्रिशस डाइट के बारे में हम यहां विस्तार से बता रहे हैं।




**रोज खाएं मशरूम-पिएं ग्रीन टी:** मशरूम में, टमाटर, हरी मिर्च और गाजर की तुलना में कहीं ज्यादा एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। एक रिसर्च के अनुसार रोज 100 ग्राम मशरूम खाने से ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बहुत कम हो जाता है। हरी चाय एंटीऑक्सीडेंट और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसलिए प्रतिदिन सामान्य चाय के बजाय 2-3 कप हरी चाय पीना फायदेमंद है।

**तरबूज से हार्ट बने हेल्दी :** यह तो हम सब जानते है कि गर्मी के दिनों में तरबूज खाने से ताजगी मिलती है। लेकिन आपको यह भी पता होना चाहिए कि कम कैलोरी वाले तरबूज को खाने से शरीर में अर्जीनाइन नामक अमीनो-एसिड का स्तर बढ़ता है। इससे रक्त वाहिकाएं बेहतर ढंग से काम करती हैं। यह हृदय को स्वस्थ रखने वाले लाइकोपीन नामक पदार्थ का भी बेहतर स्रोत है। लाइकोपीन एंटीऑक्सीडेंट है, जो नुकसानदायक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। साथ ही कैंसर होने के रिस्क को भी कम करता है।

**काले-लाल फल हैं फायदेमंद:** जब भी आप फल खरीदने मार्केट जाएं तो काले और लाल रंग वाले फल भी खरीदें, जैसे काले अंगूर, जामुन, चेरी, स्ट्रॉबेरी आदि। ये सभी फल एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से युक्त होते हैं और उनसे कई बीमारियों से लड़ने की क्षमता हमें मिलती है।

**फिश ऑयल सप्लीमेंट्स :** अगर आप मछली खाना पसंद नहीं करतीं लेकिन इससे मिलने वाले न्यूट्रिएंट्स चाहती हैं तो आप फिश ऑयल सप्लीमेंट्स ले सकती हैं। मछली के तेल में शरीर के लिए उपयोगी ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। लेकिन इसे खाने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें, क्योंकि जरूरत से ज्यादा इन्हें खाने से यह सप्लीमेंट खून पतला कर देता है, जिससे कई तरह की परेशानियां पैदा हो सकती हैं।



**कैल्शियम के लिए पिएं दूध :** पनीर और दही में कैल्शियम उतनी अधिक मात्रा में नहीं होता, जितना दूध में होता है। इसलिए हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए सुबह-शाम 1-1 गिलास दूध जरूर पिएं। संतरे का जूस और सोया दूध भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये दोनों चीजें भी कैल्शियम से भरपूर होती हैं। *



आमतौर पर गार्डनिंग में कुछ पॉपुलर फल-फूलों के या सजावटी पौधे ही लगाए जाते हैं। लेकिन अगर आप अलग अंदाज में घर की खूबसूरती निखारना चाहती हैं तो कुछ लैंडस्केप पौधों से सजावट कर सकती हैं।

# लैंडस्केप पौधों से निखरे घर की खूबसूरती

गार्डनिंग

अनु आर.

हाल के वर्षों में लैंडस्केप पौधों के रूप में जिन सुंदर और आकर्षक पौधे लोगों की पहली पसंद रहे हैं, उनमें से अधिकतर का संबंध पेचीपोडियम जीनस के प्लांट्स से है। घर की खूबसूरती निखारने के लिए बनाए जाने वाले लैंडस्केप में इन्हीं की सबसे ज्यादा डिमांड होती है। क्योंकि इन पर लगने वाले फूल सुंदर होते हैं और काफी समय तक तरोताजा रहते हैं। यूनानी भाषा में पेचीपोडियम का अर्थ होता है मोटी जड़ वाला। यह मूल रूप से अफ्रीका और मेडागास्कर का पौधा है। इसकी अब तक 25 प्रजतियां खोजी गई हैं, जिनमें से 5 दक्षिण अफ्रीका में पाई जाती हैं और बाकी 20 मेडागास्कर में। इन प्रजातियों में पेचिपोडियम ब्रेवीकोले जमीन से सिर्फ 3-4 इंच ही ऊपर उठती है जबकि पेचिपोडियम गेई प्रजाति 15 फीट तक ऊंचा हो सकता है।

**पौधों की विशेषताएं :** पेचिपोडियम की दो प्रजातियां लैमेरी और गेई, लैंडस्केप पौधों के तौर पर काफी फेमस हैं। इनकी कुछ विशेषताएं लैंडस्केप को आकर्षक बनाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। जैसे-इसके अकेले, लंबे और कांटेदार तने में से शाखें फूटती हैं, जो इसे बहुत अलग और सुंदर लुक प्रदान करता है। इसके पत्तों के क्राउन पर सफेद फूलों के गुच्छे उगते हैं, जो लंबे समय तक कायम रहते हैं। यह पूरे लैंडस्केप को स्पेशल-अट्रैक्टिव लुक प्रदान करता है। यह मौसम की कठिन स्थितियों को भी बर्दाश्त कर सकता है। पत्ते झड़ने वाला पौधा होने के बावजूद यह केवल बहुत ठंडे मौसम में ही अपनी पत्तियां गिराता है।

**बाहरी संरचना :** पेचीपोडियम गेई पौधों का तना मोटा और मैटेलिक ग्रे कलर का होता है, जबकि पेचीपोडियम लैमेरी का तना पतला और शाइनी सिल्वर होता है। इनका तना एकदम सीधा और सुंदर होता है। जब पौधो की ऊंचाई लगभग 12 फीट हो जाती तो उससे शाखें फूटती हैं। शाखों के साथ पौधे की ऊंचाई 15 फीट हो जाती है और वह लैंसिओलेट पत्तों के साथ सुंदर क्राउन बनाता है। पत्ते एक फीट लंबे और दो इंच चौड़े होते हैं। लैमेरी के पत्ते गहरे हरे रंग के जबकि गेई के पत्ते ब्लश डार्क ग्रीन कलर के होते हैं। गमले में उगाने पर ये पौधे लगभग 5 फीट के होते हैं। इन्हें न्यूट्रिएंट्स से भरपूर और अच्छी तरह से सिंचित मिट्टी की आवश्यकता होती है। इन पौधों को बीजों से उगाया जा सकता है। *



### ऐसे करें केयर

- अगर आप गमले में इन पौधों को उगा रही हैं तो हर 3 साल बाद गमले को बदलना ना भूलें।
- इन पौधों को ऐसी जगह लगाएं, जहां अच्छी धूप आती हो।
- पौधे के कांटों को बाहरी नुकसान से सुरक्षित रखें, क्योंकि उनका दोबारा विकास नहीं होता है।
- गर्मियों में सामान्य पौधों की तरह इन्हें पानी दिया जा सकता है, लेकिन जाड़ों में पानी तब ही दें, जब मिट्टी की ऊपरी परत सूख जाए।
- ध्यान रखें कि पौधों के आस-पास ज्यादा पानी रुकने ना पाए।
- जब इन पौधों का विकास हो रहा हो तो दो माह में एक बार इन्हें खाद दिया जाना चाहिए।
- जब पौधों का विकास हो रहा हो तो कुछ माह के अंतराल पर पानी में कीटनाशक मिलाकर पौधे पर इसका स्प्रे करें। *

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज के बाद कई शारीरिक बदलाव होते हैं। इससे कई तरह की मेडिकल प्रॉब्लम्स का रिस्क बढ़ जाता है। इन प्रॉब्लम्स और उनसे बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

# पोस्ट मेनोपॉज प्रॉब्लम्स ना बरतें लापरवाही

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

आमतौर पर माना जाता है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। लेकिन सच यह है कि ध्यान ना दिया जाए तो मेनोपॉज, महिलाओं में इनके अलावा भी कई अन्य तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सबब बन सकता है।



**मसूढ़ों की समस्या :** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में इस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और मसूढ़ों की समस्याएं होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें मेनोपॉज के बाद ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

**स्लीप एप्निया :** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी गिर जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में सामान्य स्लीप डिसऑर्डर के बजाय दिन में नींद ज्यादा आने, सुबह सिरदर्द होने और एंग्जायटी की समस्या भी होने लगती है। इसके लिए महिलाओं को अपने डेली रुटीन, डाइट टाइमिंग और स्लीपिंग पैटर्न का ध्यान रखना चाहिए।

**डायबिटीज :** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेन हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'इस्ट्रोजन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर यह संतुलन गड़बड़ा जाता है। साथ ही शरीर में फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इनसे बचाव के लिए हर तीन साल में बॉडी चेकअप, रेग्युलर शुगर चेकअप और ओवरवेट होने से बचना चाहिए।

**हार्ट डिजीज :** मेनोपॉज से पहले ओवरी से स्रावित होने वाले इस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण इस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट (वेज डाइट) को अपने रूटीन में शामिल करें और स्मोकिंग से पूरी तरह परहेज करें।



**ईटिंग डिसऑर्डर :** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते है, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या हो सकती है। वास्तव में यह स्थिति सिर्फ शारीरिक न होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी होने लगती है। कई बार वे हताशा की शिकार भी हो जाती हैं। खुद को फिट और स्लिम दिखाने के लिए हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और ओवर डाइटिंग करने लगती हैं। इससे बचना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही डाइट प्लान करें।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स :** स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता गुटगुटिया बताती हैं, मेनोपॉज के बाद मूत्र पर नियंत्रण कम होने की समस्या कॉमन है। ऐसा इस्ट्रोजेन का लेवल कम होने और यूरेथ्रा के पतले होने से होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स के कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। दरअसल, इस्ट्रोजेन में हार्मफुल बैक्टीरिया से लड़ने की क्षमता होती है, जो मेनोपॉज के बाद कम हो जाता है। ऐसे में कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से अन्य सावधानियां बरतना जरूरी है। *



# 39 किलो अवैध गाजा, दो तमंचा व कारतूस संग चार तस्कर गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वर्तमान समय में नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन मे जनपद में हो रहे अपराध को रोकने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के कुशल निर्देशन में आज मंगलवार को स्वाट टीम, सर्विलास टीम व कोतवाली मोहम्मदाबाद की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कि बिहार की तरफ से 02 अदद चार पहिया वाहन से कुछ लोग भारी मात्रा मे गाँजा लेकर गाजीपुर की तरफ आ रहे हैं जिन्हे यदि सतर्कता के साथ घेरा बन्दी किया जाय तो पकडे जा सकते है सूचना पर उपरोक्त टीमों द्वारा बहद ग्राम अहिरौली ब्रेकर के पास से गिरफ्तार किया गया क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद को अवगत कराते हुए उनकी मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी, बरामदगी तथा गिरफ्तारी की गयी और पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि दोनो कारो में अवैध गांजा है इसलिए हम लोग भाग रहे थे तथा हम लोग बिहार व उड़ीसा से सस्ते दामो पर गाँजा लाकर आस-पास के जिलो में ज्यादा कीमत लेकर बेचते है और उन पैसो से अपना शान-शौक पूरा करते है गिरोह का मुख्य सरगना विपिन सिंह पुत्र स्व0 रामनगीना निवासी गौरा थाना सादात जनपद गाजीपुर उम्र 30 वर्ष को सन 2021 में स्पेशल टास्क फोर्स व भांवरकोल पुलिस द्वारा गांजा तस्करी में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, सम्बन्धित थाने पर एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

कार्यवाही में गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम क्रमशः राहुल यादव पुत्र रमेश यादव निवासी मधुवन थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र 25 वर्ष, मनहर शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा वासुपुर थाना सैदपुर उम्र 26 वर्ष, योगेश कुमार पुत्र हंसराज निवासी गौरा थाना सादात उम्र 32 वर्ष, विपिन सिंह पुत्र स्व0 रामनगीना निवासी गौरा थाना सादात जनपद गाजीपुर उम्र 30 वर्ष गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक घनानन्द त्रिपाठी व उप निरीक्षक राजीव कुमार त्रिपाठी थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर, स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक रामाश्रय राय, उप निरीक्षक सुनील तिवारी प्रभारी सर्विलांस, हेड कांस्टेबल सुजीत सिंह सर्विलांस सेल, हेड कांस्टेबल विनय सिंह सर्विलांस सेल, कांस्टेबल चन्दन मणि त्रिपाठी सर्विलांस सेल, कांस्टेबल अजय प्रसाद सर्विलांस सेल, कांस्टेबल प्रमोद सिंह सर्विलांस सेल, कांस्टेबल राकेश सोनकर सर्विलांस सेल, चालक कांस्टेबल ओमप्रकाश सिंह सर्विलांस सेल, कांस्टेबल अतुल कुमार सिंह, कांस्टेबल अजीत कुमार भारती, चालक कांस्टेबल शिवेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## रेलवे स्टेशन के सामने होटल संचालकों के साथ नगर आयुक्त ने की बैठक

प्रखर गोरखपुर। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन पर स्थित होटल/रेस्टोरेन्ट के संचालकों की बैठक हुई। बैठक में संचालकों द्वार बताया गया कि उनके द्वारा जो भी कूड़ा निकला जाता है उसे नगर निगम की गाड़ियों पर दिया जाता है तथा यूजर चार्ज भी जमा होता है। नोडल अधिकारी एस0बी0एम0 द्वारा बताया गया कि सभी होटल एवं रेस्टोरेन्ट के संचालक अपने यहाँ हरा एवं नीला डस्टबिन रखेंगे तथा कूड़ा अलग-अलग एकत्र कर नगर निगम की गाड़ियों को उपलब्ध करायेंगे साथ ही शासनादेश नगर निगम की अधिसूचना के अनुसार यूजर चार्ज लिया जाएगा। जो भी अपने होटल/रेस्टोरेन्ट का कूड़ा इधर-उधर डालते पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध चालान एवं जुमार्ने की कार्यवाही की जाएगी। उस सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय ने संचालको को बताया कि अपने होटल/रेस्टोरेन्ट के साथ-साथ नगर को भी स्वच्छ रखने में नगर निगम का सहयोग करें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग करने की हिदायत दी गई और बसस्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन रोड से होते हुए यातायात चैक तक कहीं भी सड़क पर कूड़ा ना दिखे इसके लिए सभी लोग हरा-नीला डस्टबिन रखेगे और जो भी कूड़ा एकत्र होगा उसे नगर निगम के वाहन पर उपलब्ध करायेंगे। नगर निगम द्वारा सफाई एवं कूड़ा निस्तारण हेतु समुचित व्यवस्था की गयी है। इसलिए सभी लोग नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। बैठक में रेलवे स्टेशन रोड के सभी होटल/रेस्टोरेन्ट के संचालकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं एस0बी0एम0 की टीम उपस्थित रही।



## डॉक्टर सेम्युअल हैनिमैन के 268वें जन्मदिवस के अवसर पर विश्व होम्योपैथिक दिवस एवं अवार्ड समारोह का आयोजन




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कैंटोमेंट स्थित एक होटल में डॉक्टर सेम्युअल हैनिमैन के 268 वे जन्मदिवस के अवसर पर विश्व होम्योपैथिक दिवस एवम अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि रविन्द्र जायसवाल (मंत्री स्टैंप,कोर्ट फि एव रजिस्ट्रेशन प्रदेश सरकार), डॉक्टर नीरज वर्मा (चीफ मेडिक सुप्रीटेंडेंट), डॉक्टर रचना श्रीवास्तव ( डिस्ट्रिक्ट होमियोपैथिक मेडिकल ऑफिसर), विश्वनाथ मौर्या (रिटायर सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर यू पी पी सी एल), वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर पी के मुखर्जी, सीनियर होम्योपैथिक चिकित्सक, डॉक्टर जी एस मौर्या रहे इस अवसर पर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर डॉक्टर हैनीमैन की प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई उसके उपरांत मंचासिन अतिथियों का माल्यार्पण किया गया व डॉ० ए के सिंह राष्ट्रीय संयोजक द्वारा अतिथियों व उपस्थित चिकित्सकों का स्वागत किया गया` अपने स्वागत भाषण में डॉ सिंह ने कहा कि होम्योपैथिक का विकास बनारस ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बढ़ रहा है आज होम्योपैथी विश्व की दूसरी चिकित्सा पद्धति हो गई हैं और निरंतर विकास की ओर अग्रसर भी है होमियोपैथी 80 से भी ज्यादा देशों में होम्योपैथी चिकित्सा को लोग अपना रहे है` 22 से 25% भारत में इसका प्रतिवर्ष के हिसाब से विकास हो रहा है मालवीय जी का सपना था कि बनारस शिक्षा की राजधानी हो लेकिन होम्योपैथिक कॉलेज ना होने के कारण उनका यह सपना अधूरा रह गया।

## एक करोड़ के अवैध गांजा व ट्रक के साथ तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार



प्रखर मिजार्पुर।थाना कछवां बीते सोमवार देर रात जनपद की एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक थाना कछवां, एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कछवां क्षेत्र से ट्रक वाहन संख्या:HR74A9819 के साथ अभियुक्त आलिम पुत्र महबूब निवासी भाजलाका थाना तावडू जनपद नुहू मेवात (हरियाणा), उम्र करीब-20 वर्ष । अंसार पुत्र हाकम निवासी भाजलाका थाना तावडू जनपद नुहू मेवात (हरियाणा), उम्र करीब-19 वर्ष व जयशंकर प्रताप सिंह पुत्र स्व0लक्ष्मण सिंह निवासी प्रतापपुर थाना हड़िया जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-41 वर्ष । को गिरफ्तार किया गया ।उक्त ट्रक की तलाशी ली गयी तो उसमें लदा हुआ कुल 3.19 कुंतल अवैध गांजा बरामद किया गया जिसका अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0-34/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया । गांजा परिवहन में प्रयुक्त ट्रक वाहन संख्या:HR74A9819को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया । पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग उड़ीसा प्रांत से ट्रक में गांजा लादकर जनपद प्रयागराज ले जाते है जहां से मांग के अनुसार आसपास के जनपदों में सप्लाई करते है तथा गांजा बिक्री के पैसे को आपस में बांटकर भौतिक सुख सुविधाओं का लाभ लेते है ।

## अबूझ हाल में लगी आग से गेहूं की जलकर हुई राख



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के महुली पुल के पास सहुवाईंन पोखरा के समीप खेत में बोझ बनाकर रखी गई फसल जलकर राख हो गई। बताया जाता है की महुली गांव निवासी त्रिलोकी पटेल के खेत में गेंहू के फसल की कटाई चल रहा था। मंगलवार की सुबह काटे गए फसल का बोझ बांधकर किसान घर चला गया दोपहर में अचानक बंधे बोझ में आग लग गई देखते ही देखते धू धू कर फसल जलने लगा तेज हवा की वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया। किसान जब तक कुछ समझ पाता तब तक खेत में रखे 20 से 25 बोझ जल चुके थे। आग लगने की खबर लगते ही पास व पड़ोस के लोग खेत पर पंहुच कर कटी फसल को आग से दूर हटाने लगे लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे 15 विस्वा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। पास आसपास के पड़ोसियों ने पाइप लगाकर जल का छिड़काव कर अपने स्तर से काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। किसान ने तहसील प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## जयंती पर निकलने वाले जुलूस के नियंत्रण के लिए बनी कमेटी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। डॉ भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति रामपुर (दौलतनगर) के तत्वाधान में आगामी 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती मनाने व आधा दर्जन गांवों से निकलने वाले जुलूस नियंत्रण के लिए कमेटी बनाई गई। मंगलवार को संघर्ष समिति की हुई बैठक में विभिन्न गांवों से होकर कार्यक्रम स्थल दौलतनगर पहुचने वाले जुलूस के जिम्मेदारी के तहत हिवरनपुर की लवकुश साहनी, भरावर की सुरेंद्र कुमार, थाना की पूर्व ग्राम प्रधान सूबेदार , रामपुर की बबलू भारती , दबेथुवा की संजीत कुमार व मलहथ की बिजय बहादुर को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के साथ जलपान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाबत अलग अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र दास व संचालन अरुण कुमार ने किया। इस दौरान श्यामधारी, राजकुमार, मोहन, पप्पू, अखिलेश , दिनेश, रंजीत , छविनाथ व अनिल समेत अनेक लोग रहे।

## सपा कार्यालय पर महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फूले की जयंती जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल की अध्यक्षता में मनाई गई

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फूले के जंयती जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल अध्यक्षता में मनाई गई। डां पाल ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माहत्मा ज्योतिराव फुले ने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया जिसमें इन्होंने महिलाओं व पिछड़े और अछूतों के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थें इनका मूल उद्देश्य सित्रयों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना बाल विवाह का विरोध विधवा विवाह का समर्थन करना रहा फुले समाज की कुप्रथा अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थें अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा प्रदान कराने में स्त्रियों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने में व्यतीत किया फुले महिलाओं को स्त्री-पुरूष भेदभाव से बचाना चाहते थें उन्होंने कन्याओं के लिए भारत देश की पहली पाठशाला पुणे में बनाई



स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से फुले बहुत व्याकुल और दुखी होते थें इसलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में कांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे उन्होंने अपने धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षा प्रदान की सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका बनी थी । जंयती मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, श्री राम यादव, दीपचंद सोनकर, रामपारस रजत, राजेन्द्र टाईगर, राहुल त्रिपाठी, सैयद आरिफ, रुक्सार अहमद, अनवारुल हक, दीपचंद राम,राजकुमार बिन्द जियालाल विश्कर्मा, जेपी यादव, साजिद अलीम, इशाद मंशूरी कमालुद्दीन अंसारी, अनील दूबे,गप्पू मौर्या लाल मोहम्मद रायनी, अली मंजर डेजी आरीफ हबीब, पप्पू मौर्या, मनोज मौर्या,संदीप यदुवंशी, अजय प्रजापति, विकास सोनकर, अमित यादव, रमाशंकर यादव, मालती निषाद, तारा त्रिपाठी, उषा जयसवाल सोनी यादव लक्ष्मी शंकर यादव, दिनेश फौजी,धर्मेंद्र सोनकर,जमाल विक्की यादव आदि संचालन निवर्तमान महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

# सपाइयों ने मनाई महात्मा ज्योति राव फुले की जयंती



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश और समाज में फैली कुरीतियों और कुप्रथाओं के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि वह महान समाज सेवी थे । लड़कियों की शिक्षा के लिए किया गया उनका योगदान यह देश कभी नहीं भूल सकता। देश में लड़कियों को शिक्षा देने केलिए उन्होंने ही महाराष्ट्र में पहला कन्या पाठशाला खोला । वह 19वीं सदी के आमूल परिवर्तन वाली और उदारवादी विचारक थे । उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों और कुप्रथाओं के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे ।उन्होंने समाज के निम्न तबकों के सम्मान, हक और अधिकार के लिए हमेशा आवाज बुलंद किया ।वह नारी शिक्षा और विधवा विवाह और किसानों के हित में तमाम उल्लेखनीय कार्य किया ।वह बाल विवाह विरोधी थे । महिला शिक्षा के सवाल पर रूढ़िवादियों ने उनका जमकर विरोध किया और पिता माता पर दबाव बनाकर उन्हें और उनकी पत्नी को घर से बाहर निकलवा दिया। तमाम विरोध के बावजूद वह अपने रास्ते से डिगे नहीं और महिलाओं को शिक्षित करने के सवाल पर अपना संघर्ष जारी रक्खा । आज मुल्क को उनके जैसे संत और समाजसेवी की सख्त जरूरत है ताकि देश में फैली कुरीतियों को समाप्त किया जा सके और देश में सुख शांति स्थापित की जा सकें ।

इस गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, निजामुद्दीन खां, अशोक कुमार बिंद, सदानंद यादव, रविन्द्र प्रताप यादव, परशुराम बिंद,अतीक अहमद राईनी,मदन सिंह यादव, सुभाष यादव गुड्डू,कमलेश यादव,राजेश यादव,ममता यादव,अभिनव सिंह,छन्नू यादव, नफीसा बेगम, अमित ठाकुर,वंश बहादुर कुशवाहा, रीता विश्वकर्मा, रीना यादव, धर्मेन्द्र यादव,विशाल मद्धेशिया,विजय शंकर यादव, दीपक उपाध्याय,जितेन्द्र चौहान आदि उपस्थित थे। इस गोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

## संगीता जयसवाल के टिकट की दावेदारी ने स्थानीय राजनीति में मचाई हलचल

प्रखर शाहगंज जौनपुर। जैसे ही अधिसूचना जारी हुई नगर की राजनीति में एक जाना पहचाना चेहरा श्रीमती संगीता जायसवाल का ऐसे सामने आया की स्थानीय राजनीति में हलचल बढ़ गयी ।मानो किसी अवसर का तलाश रहा हो और अवसर मिलते ही उन्होंने भाजपा से दावेदारी कर भाजपा सहित अन्य पार्टी के नेताओ की धड़कने बढ़ा दी। संगीता जायसवाल की माने तो उन्होंने लगभग 25 वर्ष भारतीय जनता पार्टी में रहकर बूथ स्तर जिला स्तर का सफर तय किया है ।वर्तमान में श्रीमती जायसवाल भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष प्रधान मंत्री प्रचार प्रसार योजना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जायसवाल महिला समाज, डायरेक्टर उदयन एकेडमी स्कूल और नगर अंतरराष्ट्रीय संस्था जेसीआई महिला विंग को लाने का श्रेय इन्ही को जाता है। कहा जाता है की इन सब पदों पर काम करते हुए इनकी पकड़ लखनऊ से दिल्ली तक है ।नगर पालिका की सीट महिला ओबीसी होने के नाते वैसे भी शाहगंज सीट से जायसवाल समाज से चार और महिला प्रत्याशी भाजपा से ही टिकट की जोर आजमाइश में है ।मगर इनकी स्थिति चचाओं के हिसाब से सबसे ऊपर है ।अगर पार्टी इन पर भरोसा कर टिकट देती है तो नगर की राजनीति के पुराने दिग्गजों के दांव बिगड़ सकते है ।और समीकरण में भारी उलट फेर होने की संभावना है।



## संक्षिप्त खबरें

### शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

प्रखर वाराणसी। शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज बाबतपुर वाराणसी में Growupp कंपनी के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया। Growupp कंपनी ने साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद 5 बच्चों प्रद्युम्न त्रिपाठी, दिलशाद अली, हर्षित श्रीवास्तव, कुलदीप मौर्या एवं प्रतीक्षा मिश्रा को 06 लाख के पैकेज के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया। संस्था मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, नए तकनीकी माध्यम का समावेश, PDP Trainer, GD Trainer तथा Communication Skill Training के द्वारा शीएट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के छात्रों को अधिक से अधिक प्लेसमेंट पाने के योग्य बनाया जा रहा है। छात्रों के Growupp में चयनित होने पर संस्था के चेयरमैन श्री वीरेन्द्र सिंह, संस्था के वाईस चेयरमैन श्री विनोद सिंह, संस्था के डायरेक्टर प्रो० कुलभूषण गुप्ता, संस्था के रजिस्ट्रार डॉ० विजय उपाध्याय, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री विनय भक्तुला, श्री वीरेंद्र प्रताप यादव, CRC डायरेक्टर श्री विनय कुमार सिंह ने सभी छात्रों को बधाई तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर संस्था के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण ने छात्रों के सफल चयन पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### ओबीसी समाज से माफी मांगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष- जनक कुशवाहा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कांग्रेस के ओबीसी नेताओं ने बैठक कर ओबीसी के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पिछड़ों के अपमान के लिए माफी मांगने को कहा। कांग्रेस की ओबीसी नेता और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. जनक कुशवाहा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लीगल नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि केंद्र और राज्यों की सूची में मोदी नाम की ओबीसी की कोई जाति नहीं है जबकि जेपी नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेतागण राहुल गांधी के ऊपर खुलेआम पिछड़े वर्ग के अपमान का आरोप लगाकर उनके प्रतिष्ठा को पिछड़े वर्ग में गिराने का प्रयास किया है। साथ ही साथ पिछड़े समाज में गलत तत्थो को प्रस्तुत कर-के भाजपा को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ओबीसी के सच्चे हितैषी हैं तो जाति जनगणना कराने के साथ-साथ मंडल कमीशन की सिफारिश पूरी तरह से लागू क्यों नहीं करा रहे हैं, पिछडो के आरक्षण पर बार-बार कैची चलाने का प्रयास क्यो कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी के लोग हमेशा पिछड़े वर्गों को ठगने का काम किया है। नोटिस में कहा गया है कि जेपी नड्डा सार्वजनिक रूप से ओबीसी वर्ग से माफी मांगे अन्यथा हम पिछड़े वर्ग के लोग न्यायालय में जायेगे। ज्ञात रहे कि जेपी नड्डा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सर नेम पर दिए गए भाषण को ओबीसी का अपमान बताया था। ओबीसी नेताओ में मुख्यरूप से संदीप विश्वकर्मा, आनंद कुशवाहा, हामिद अंसारी, कमलेश्वर शर्मा, अखिलेश यादव, सुमेर कुशवाहा उपस्थित रहे।

### न्याय के लिए दर दर भटक रहा पीड़ित परिवार

प्रखर जौनपुर ।जनपद के सुईथाकलां थानांतर्गत एक ग्राम निवासी पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर दर भटक रहा है मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर यह आरोप लगाया है की उसकी पौत्री को ग्राम के कुछ लोग बहलाकर फुसलाकर भगा ले गए हैं जिन्हे दुष्कर्म के बाद मारकर फेंक देंगे इस बाबत उक्त थाने के एक नायब दारोगा ने प्रार्थना पत्र बदलवाकर दूसरा लिया और एक के विरुद्ध ही मुकदमा दर्ज किया है। बतादें की उक्त गांव निवासी एक नाबालिग छात्रा( 16 )घर से स्कूल के लिए पांच अप्रैल को निकली थी की रास्ते में ही उसे गांव निवासी एक युवक बहलाकर फुसलाकर ले जा रहा था की उसके अन्य दो साथी मिले जो उसका भरपूर सहयोग किए इतना ही नहीं बल्कि खाते में तीन हजार रुपया फोन पे किये जिसे ग्रामीणों ने भी देखा था ।शाम को वापस न लौटने पर स्वजन काफी खोज बीन किए तो मामले की जानकारी ग्रामीणों से हुई ।इस बाबत जब लिखित सूचना लेकर थाने गए तो वहां दो का नाम निकालकर एक ही युवक का नाम सिर्फ तहरीर बदलवाकर लिए और मुकदमा दर्ज कर इतिश्री कर दिए ।इसके अलावा उसे एक सप्ताह बाद भी खोजने की जहमत नहीं उठाया ।ऐसे में स्वजन का रो रोककर बुरा हाल है एक एक सप्ताह से थाने का चक्कर काटकर थक चुके नाबालिग के बाबा ने कहा कि कहीं दुष्कर्म कर हमारी पौत्री को मारकर फेंक न दें ।देखना है ऐसे में प्रशासन क्या कोई ठोस कदम उठाता है।

### 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः11.04.2023 को उ0नि0 सदानन्द सिंह यादव मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से अभियुक्त रामनरेश पुत्र रामजी निवासी बिन्दपुरवा कला को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरुण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं